# जुआ खेल रहे 16 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

● मौके से लगभग ढाई लाख रुपये बरामद

**अमृत विचार।** पुलिस ने जुआ खेलने के आरोप में 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मौके से लगभग ढाई लाख रुपये भी मिले हैं। प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल को बीते दिन मुखबिर से सूचना मिली थी कि कस्बे के पास एक खेत में जुआ खेला जा रहा है। इसमें अन्य जिलों के भी लोग शामिल हैं। इस पर मौके पर पुलिस टीम पहुंची। पुलिस ने रात लगभग नौ बजे घेराबंदी कर ली और सभी आरोपियों को दबोच लिया।

इनमें लवलेश कुमार तिवारी निवासी भौरी, राजेंद्र प्रसाद चतुर्वेदी निवासी कौबरा, योगेंद्र कुमार निवासी रामपुर, मिथलेश कुमार निवासी जरिहा, रामबहोरी निवासी नयागांव हनुमानधारा रोड चित्रकूट (सतना), प्रेमबाबू सिंह निवासी बड़ोखर खुर्द (बांदा), जय प्रकाश निवासी जरिहा, नरेश निवासी डिलौरा, निर्भय प्रताप सिंह निवासी इंदिरानगर (बांदा), रघुवीर सिंह निवासी जरैली कोठी (बांदा), राममिलन सिंह निवासी पल्हरी (बांदा), कृपाशंकर निवासी जरिहा, ज्ञानचंद्र गुप्ता निवासी अतर्रा (बांदा), राजेश कुमार निवासी रामघाट कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट, मनोज कुमार निवासी चितरा और संतोष कुमार निवासी भुरेड़ी (भूरागढ़) थाना मटौंध (बांदा) शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के मालफड़ 2,12,500 रुपये व जामातलाशी से 38,600 रुपये बरामद किए। आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में एसआई त्रिलोकीनाथ मिश्रा, अवध नारायण, मुख्य आरक्षी प्रेमनारायण, सुशील कुमार, आरक्षी शरद कुमार सिंह, आनंद प्रताप सिंह, विनोद कुमार, गुड्डू यादव शामिल रहे।

# आरके पटेल को पार्टी के अंदर से ही मिल रहीं चुनौतियां

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट


आरके सिंह पटेल। अमृत विचार

● भाजपा प्रत्याशी बोले:मेरी भूल की सजा मोदीजी को न देना

**अमृत विचार।** राजनीति की डगर कठिन होती है। राजनीति करना दुधारी तलवार पर चलने के समान है। यह वर्तमान सांसद और भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल से बेहतर कौन जानता होगा। नामांकन वाले दिन जिस तरह से उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान जाने अनजाने में की गई गल्तियों के लिए माफी मांगी और यह तक कह दिया कि अगर मुझसे कोई भूल हुई है तो उसकी सजा मोदीजी को मत देना।

राजनीति में इस बार जितने ज्यादा विरोध का सामना आरके को करना पड़ रहा है, शायद उतना उनको लंबे करियर में कभी न करना पड़ा होगा। सोशल मीडिया में एक समुदाय के लोग जहां राजनीति के इस धुरंधर के खिलाफ मोर्चा खोले हैं तो वहीं पार्टी के अंदर से भी उनको तमाम चुनौतियां मिल रही हैं। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र तो खुलकर कह चुके हैं कि पार्टी से प्रत्याशी चयन में गलती हुई है और बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट में पार्टी की स्थिति कमजोर है। पार्टी के अंदरखाने की मानी जाए तो कई नेता दिखावे में तो आरके के साथ हैं पर वे भी जड़ों में मट्ठा ही डाल रहे हैं।

ऐसा नहीं है कि जिले की राजनीति के इस महारथी को इन बातों का भान न हो, इस बार की लड़ाई कठिन है, दुष्कर है, यह वह भली भांति जानते हैं। बसपा से राजनीतिक करियर शुरू करने वाले आरके दो बार सांसद और तीन बार विधायक बन चुके हैं। बसपा सरकार में तो वह कैबिनेट मंत्री भी रह चुके हैं। पार्टी द्वारा दुबारा प्रत्याशी बनाने के बाद जो बाडी लैंग्वेज इनके समर्थकों की दिखती थी, उसमें फर्क तो आया है, यह खुद उनके समर्थक आपसी बातचीत में मानते हैं। बीते दिन नामांकन के दौरान जिस तरह से आरके ने लगभग साढ़े तीन मिनट तक पत्रकारों से बातचीत में जाने अनजाने की गई गलतियों की माफी मांगी, वह उनके समर्थकों के साथ उनके विरोधियों के लिए भी अप्रत्याशित थी।

गौरतलब है कि पिछली बार जीतने के बाद कम से कम एक माह तक आरके ने कई बार अपने समुदाय को ही यह कहकर निशाने पर लिया था कि वह एक जाति के भरोसे नहीं जीतते। उनके विरोधी अब इसी बात को याद दिलाकर उनकी राह को कठिन करने में जुटे हैं। इसके अलावा पटेल समुदाय से सपा ने भी अपना उम्मीदवार उतारा है। बसपा ने भी ब्राह्मण समुदाय से प्रत्याशी उतारकर चुनौतियों की दीवार पर और सीमेंट लगा दी है। जिले की राजनीति जाति आधारित है, यह कौन नहीं जानता। ऐसे में बीते दिन जिस तरह से क्षमाशील मुद्रा में आरके नजर आए, उससे एक बात तो तय दिखी कि वह भी जान चुके हैं कि इस बार की राह उतनी आसान नहीं। उनका राजनीतिक करियर इस बार दांव पर है।

अनौपचारिक बातचीत में तो अब आरके के समर्थक भी मान लेते हैं कि वह चौतरफा चुनौतियां का सामना कर रहे हैं। हालांकि आरके के धुर विरोधी भी इस बात को मानते हैं कि राजनीति के इस चतुर खिलाड़ी से पार पाना उतना आसान नहीं। आरके और दद्दू प्रसाद ने लगभग साथ साथ राजनीति शुरू की थी। बताने की जरूरत नहीं कि राजनीति में आज दद्दू कहां हैं और हवा को भांपकर राजनीतिक शतरंज की बिसात पर अपने मोहरे चलने वाले आरके कहां।

### ... तो सांसद की इस मुद्रा के भी मायने

बसपा के बाद सपा और फिर भाजपा में आए आरके ने हर दल से लखनऊ या फिर दिल्ली में प्रतिनिधित्व भी किया। और ऐसे में अगर आरके क्षमाप्रार्थी मुद्रा में हैं तो, जिले की राजनीति के जानकारों के अनुसार, उसके भी मायने हैं। आरके ने बीते दिन पत्रकारों से बातचीत में कहा, मैंने तीस साल की राजनीति में किसी के साथ भेदभाव नहीं किया... भाई भाई को लड़ाने का काम नहीं किया...अगर जानते हुए भी अनजाने में, मैं भी इंसान हूं, भूल हुई है तो उनसे क्षमा चाहता हूं। अगर मुझसे कहीं भूल हुई है तो उसकी सजा मोदी जी को मत देगा कोई कार्यकर्ता...। आदमी को अपनी कमियां नजर नहीं आती हैं। कमियां अगर खोजी जाएं तो मिल जाएंगी कमियां...। ऐसी कमियां अगर रह गई हैं तो इसके लिए भी मैंने कहा है कि मैं, आम अवाम से देवतुल्य कार्यकर्ताओं से सारी कहता हूं, क्षमा मांगता हूं। मैं बहुत बड़ा राजा नहीं हूं, शहंशाह नहीं हूं, एक कार्यकर्ता हूं...। अब देखना होगा कि हवा का रुख पहचानकर राजनीति के कुशल 'नाविक' आरके सिंह पटेल अपनी नाव इस बार पार लगा पाते हैं कि नहीं।

### सोशल मीडिया पर चर्चाओं का दौर

आरके सिंह पटेल के बयान को लेकर अब समालोचनाओं का दौर भी शुरू हो गया है। पूर्व विधायक मानिकपुर आनंद शुक्ला ने एक्स पर ट्वीट किया, राजनीति में जनता एक-आद बार ही गलती माफ करती है बार बार नहीं। खुद के लिए सबका वोट चाहिए औरों के लिए रोटी, बेटी, वोट एक जगह। गलती का एहसास हो गया था तो सन्यास ले लेना चाहिए था।

# संदिग्ध हालात में आग से पति-पत्नी झुलसे, हालत गंभीर

## कर्वी कोतवाली क्षेत्र के सिद्धपुर गांव की घटना, आसपास के घरों को भी नुकसान, अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ और एसडीएम पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट


शिवशरण।

**अमृत विचार।** कर्वी कोतवाली अंतर्गत सिद्धपुर गांव में संदिग्ध हालात में आग लगने से पति-पत्नी गंभीर रूप से झुलस गए। इनको जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद प्रयागराज भेजा गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. भूपेश द्विवेदी के अनुसार, महिला की हालत ज्यादा सीरियस है।

मुख्यालय से लगभग चार किमी दूर सिद्धपुर गांव में मंगलवार अपराह्न लगभग तीन बजे हड़कंप मच गया, जब गांव निवासी अनुसूचित जाति के शिवशरण (30) पुत्र हनुमान के घर से धुआं और आग की लपटें उठती नजर आईं। इस दौरान पता चला कि आग से शिवशरण और उसकी पत्नी उर्मिला (28) गंभीर रूप से झुलस गए हैं। किसी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों और ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जानकारी मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ, एसडीएम और तहसीलदार आदि मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम भी पड़ताल को पहुंच गई। डा. भूपेश द्विवेदी ने बताया कि आग से महिला 90 फीसदी और पुरुष 60 फीसदी झुलसे हैं। दोनों की हालत गंभीर है। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को प्रयागराज रिफर कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि दोनों के शरीर से केरोसिन की बदबू आ रही थी। उधर, एक ग्रामीण गंगा प्रसाद प्रजापति ने बताया कि दूध उबालने के दौरान उड़ी चिंगारी से कच्चे घर में आग लगी है। घटना के समय पति-पत्नी सो रहे थे। बताया कि आग से आसपास के घरों को भी नुकसान हुआ है। दंपति के दो बेटे और दो बेटियां हैं।

घटनास्थल पहुंचे पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने भी कहा कि यह आत्महत्या की कोशिश है या दुर्घटना फिलहाल कुछ नहीं कहा जा सकता। हालांकि दंपति की बेटी ने चूल्हे की चिंगारी से आग लगने की बात कही है। बताया कि पुलिस अधिकारी जांच कर रहे हैं। इनकी रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। पुलिस सभी बिंदुओं को लेकर जांच कर रही है। केरोसिन को लेकर हो रहीं बातों के संदर्भ में उन्होंने बताया कि मौके से कुछ मिला तो नहीं है पर गंध जरूर ऐसी आ रही है।


झुलसी महिला को जिला अस्पताल में ले जाते लोग। अमृत विचार


दंपति के बच्चों के साथ खड़े पड़ोसी। अमृत विचार


घटनास्थल कच्चा घर।


महिला का पिता हरछटिया।


दंपति की बड़ी बेटी से जानकारी लेते एसपी।

### हाल ही में खरीदा था आटो

जानकारी के अनुसार, मूल रूप से लमेहटा निवासी शिवशरण अपने पिता का इकलौता पुत्र है। लमेहटा में भी जमीन और पैतृक घर है। बचपन से वह अपनी नानी मिर्री के साथ सिद्धपुर में रहता है और उसे नानी की जायदाद में भी हिस्सा मिला है। उसकी शादी लगभग 15 साल पहले नारायणपुर मजरे गौरापुरवा थाना कमासिन (बांदा) के हरछटिया की बेटी उर्मिला से हुई थी। जनवरी में शिवशरण ने नया आटो भी खरीदा था। ऐसे में समझा जा सकता है कि घर में रुपये पैसे की ऐसी तंगी नहीं थी, जिसकी वजह से यह घटना हो।

### सोमवार को हुई थी बातचीत

घटना की जानकारी पाकर विवाहिता का पिता हरछटिया भी गांव पहुंच गया। उसने बताया कि सोमवार की शाम को ही उसने बेटी से बात की थी पर तब उसने किसी तरह के झगड़े की बात नहीं बताई। पता नहीं कैसे यह हो गया।

### मौके से मिली तेल की कट्टी!

बताया जाता है कि मौके से एक मिट्टी के तेल की कट्टी भी मिली है। गांव में चर्चा रही कि किसी बात पर दोनों में झगड़ा हुआ, जिसके बाद दोनों ने कमरा बंद कर तेज छिड़ककर आग लगा ली। घटना के समय बच्चे बगल वाले घर में थे। सीएमओ ने भी इस बात की पुष्टि की है कि दोनों के शरीर से केरोसिन की बदबू आ रही थी।

### झगड़े की भी रही चर्चा

गांव में चर्चा रही कि पति-पत्नी के बीच दो तीन दिन से किसी बात को लेकर झगड़ा हो रहा था। दबी जुबान से यह भी कहा गया कि शिवशरण ने उर्मिला पर हाथ भी उठाया था। शिवशरण के शराब के आदी होने की बात भी कही जा रही है।

### बदहवास हो गए बच्चे

दंपति के चार बच्चे हैं। बड़ी बेटी दीपांशी (13) के अलावा शिवांगी (10), पीयूष (4) और आयुष (2) हैं। घटना के बाद सभी बदहवास थे और माता-पिता के लिए रो रहे थे। पड़ोसियों ने उनको समझाया और खाना खिलाया।

## सार-संक्षेप

### डीएम व एसपी ने कारागार का किया मुआयना

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मंगलवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने सीसीटीवी कैमरा कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि कैमरा चौबीस घंटे संचालित रहना चाहिए। खराब कैमरे को ठीक कराएं। महिला बंदियों से खानपान व समस्याओं के बारे में जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार इनको दूरभाष पर बात भी कराते रहें। बच्चों के लिए झूला व कैरमबोर्ड की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने आरओ जलापूर्ति को भी देखा। पाकशाला में मीनू के हिसाब से भोजन बनता पाया गया। डीएम ने निर्देश दिए कि बंदियों को भोजन, नाश्ता प्रतिदिन मीनू के अनुसार दिया जाए। इसमें कोई अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक शशांक पांडेय, जेलर राजीव कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।


जिला जेल का मुआयना करने पहुंचे डीएम और एसपी।

### जिलाधिकारी ने निर्वाचन सामग्री की पैकेजिंग देखी

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मंगलवार को कृषि भवन में निर्वाचन सामग्री की पैकेजिंग को देखा। उन्होंने अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम को निर्देश दिए कि प्रत्येक बैग में यह अवश्य देख लिया जाए कि कोई सामग्री छूट तो नहीं गई है। राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में स्ट्रांग रूम में ईवीएम के जमा कराए जाने के साथ-साथ स्टेशनरी जमा होने है की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। इस मौके पर उप निदेशक कृषि राजकुमार, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी एमएल धर्मान, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला आदि अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।


राकेश को मनोनयन पत्र देते पालिका के ईओ।

### राकेश फिर बने नगर पालिका के ब्रांड एंबेसडर

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष और समाजसेवी राकेश केशरवानी को एक बार फिर नगर पालिका ने ब्रांड एंबेसडर बनाया है। मंगलवार को अधिशासी अधिकारी लाल जी ने उनको इस संबंध में पत्र सौंपा। इस मौके पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार भी मौजूद रहे। राकेश ने पालिका का इसके लिए धन्यवाद दिया और बताया कि वह स्वच्छता के लिए युद्ध स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाएंगे।


बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी अभिषेक आनंद। अमृत विचार

# बाढ़ से पहले और बाद की बनाई गई रणनीति

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

● स्टियरिंग कमेटी की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बाढ़ नियंत्रण के संबंध में स्टियरिंग कमेटी की बैठक में बाढ़ के पूर्व व बाढ़ के बाद की तैयारियों पर चर्चा हुई।

जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया की बाढ़ के बाद पशुओं के चारे की व्यवस्था व टीकाकरण सुनिश्चित कराएं। यमुना नदी के किनारे के गांवों को चिह्नित करें व नाविको की सूची भी तैयार रखें। ओहन, बरुआ, गुंता बांधों पर वायरलेस सेट की व्यवस्था कराएं। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि आपदा संबंधित राहत का टेंडर एक महीने के अंदर कराएं। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक दवाओ की उपलब्धता, बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना, कर्मचारियों की ड्यूटी आदि के संबंध में भी निर्देशित किया। सभी तहसीलों में नायब तहसीलदार को नोडल अधिकारी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीओ राजापुर निष्ठा उपाध्याय को निर्देशित किया कि बाढ़ के समय आवश्यकता पड़ने पर पीएसी एवं पुलिस, होमगार्ड एवं पेट्रोलियम की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। एक्सईएन विद्युत को यमुना किनारे लगे ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने, अधिशासी अधिकारियों को बरसात से पूर्व सभी कूपों में ब्लीचिंग पाउडर का घोल डालने के निर्देश भी दिए। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम उमेश चंद्र निगम सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## दहेज हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के जमरेही ऊपर गांव निवासी साक्षी (28) पत्नी कुलदीप सचान ने बीते 22 अप्रैल को कीटनाशक दवा खा ली थी। जिससे उसकी मौत हो गई थी। मृतक के भाई ने पति, सास, ससुर, देवर, ननद के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। सोमवार को कुलदीप सचान को गिरफ्तार कर लिया गया।

# फोन पर बात नहीं की और बता दिया निस्तारण से संतुष्ट

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट


अधिवक्ता रामप्रकाश पांडेय।

● अधिवक्ता का आरोप कहा- पोर्टल का अधिकारी बना रहे मजाक

**अमृत विचार।** एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पांडेय एडवोकेट ने जनसुनवाई-समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) पोर्टल पर दी जाने वाली सूचनाओं पर सवालिया निशान लगाया है। उनका कहना है कि उन्होंने एक सूचना मांगी थी, जिसका अधिकारियों ने अपने हिसाब से निस्तारण कर दिया। आश्चर्यजनक यह कि उनसे बात की नहीं गई और इसका जिक्र करते हुए उनको समाधान से संतुष्ट भी बता दिया गया।

उन्होंने बताया कि बीते दिनों उन्होंने लोक निर्माण विभाग से जो जानकारी मांगी थी, उसका जवाब भ्रामक दिया गया है। यह भी कहा गया कि आवेदक को दूरभाष पर अवगत कराया गया, जबकि उनसे कोई बात नहीं की गई। अधिवक्ता ने बताया कि उन्होंने कर्वी से पहाड़ी संपर्क मार्ग को बाबूपुर मोड़ से पहाड़ी थाने तक चौड़ीकरण की आवश्यकता बताते हुए इस संबंध में आईजीआरएस पोर्टल पर सूचना चाही थी। बताया कि बीते दिनों इस संबंध में उनको प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता सत्येंद्र नाथ का जवाब मिला। इसमें उनको अद्यतन स्थिति में बताया गया कि प्रश्न राष्ट्रीय मार्ग खंड लोक निर्माण विभाग से संबंधित है। पीडब्लूडी कर्वी से कोई भी कार्रवाई अपेक्षित नहीं है। अधिवक्ता का कहना है कि उनको सबसे ज्यादा इस बात पर आपत्ति है कि पत्र में यह कहा गया है कि आवेदक को दूरभाष पर अवगत कराया गया और वह संतुष्ट है। अधिवक्ता रामप्रकाश ने रोष जताया कि उनसे कभी भी किसी अधिकारी ने बात नहीं की और फिर यह कैसे लिख दिया कि आवेदक संतुष्ट है। उन्होंने बताया कि वह इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से करेंगे।

धर्म-आध्यात्म

## आचार्यों ने रगौली के यमुना तट पर की पूजा-अर्चना, 108 महिलाओं ने पीतांबर धारण कर निकाली कलश यात्रा

# सिद्ध आश्रम खोहरा बाबा में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ शुरू

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तुलसीतीर्थ के पास रगौली मोड़ स्थित सिद्ध आश्रम खोहरा बाबा में मंगलवार को वंदना ऑयल एंड ऑयल मिल्स के संयोजकत्व में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया। पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई।

मुख्य जजमान प्रभास्कर दत्त द्विवेदी और उनकी पत्नी सुधा हैं। आचार्य धीरेंद्र पाठक शास्त्री तथा अन्य आचार्यों ने रगौली के यमुना तट पर पूजा अर्चना की। इसके बाद 108 महिलाओं ने पीतांबर धारण कर कलश लेकर डीजे, ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली। लगभग तीन किमी पैदल चलकर रगौली यमुना घाट में पूजा अर्चना की गई। इसके बाद कलश यात्रा गांव में घूमी और फिर कलशों को कथा पांडाल में स्थापित किया गया। कलश यात्रा में संतोष त्रिपाठी, घनश्याम द्विवेदी, कृष्णदत्त द्विवेदी, अन्नू मिश्रा, अंशू पांडेय, पप्पू द्विवेदी, सीताराम द्विवेदी, राजेंद्र द्विवेदी, अनुज द्विवेदी, रितेश पांडेय, गौरीदत्त द्विवेदी, नीलेश द्विवेदी, सत्यम द्विवेदी व अन्य श्रद्धालु शामिल रहे।


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

### वृंदावन के श्यामसुंदर पारासर करेंगे कथा वाचन

श्रीमद्भागवत कथा के आयोजक दिवाकर द्विवेदी (अंबुज) ने बताया कि एक से नौ मई तक वृंदावन के कथावाचक डॉ. श्यामसुंदर पारासर कथा का वाचन करेंगे। कथा का समय अपराह्न तीन से शाम सात बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए श्रोताओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं हैं। प्रतिदिन भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने कथा प्रेमियों से अपील की है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर यज्ञ को सफल बनाएं।

### आरोपी गिरफ्तार, 10 लीटर कच्ची शराब बरामद

**मऊ (चित्रकूट)।** एसआई विनय विक्रम सिंह ने दिनेश कुमार विश्वकर्मा उर्फ बब्बू पुत्र सूरजपाल निवासी नेवरा को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी पर थाने में आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें 99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# पति-पत्नी दोनों ने किया सपा से नामांकन

कार्यालय संवाददाता, बांदा



समर्थकों के साथ पर्चा दाखिल करने जाते सपा उम्मीदवार। अमृत विचार

● भाकपा, राष्ट्रीय उदय पार्टी, भागीदारी पार्टी के प्रत्याशियों ने भी दाखिल किए पर्चे

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में उस समय कौतूहल व्याप्त हो गया, जब एक ही पार्टी के अधिकार पत्र पर पति-पत्नी ने अपना-अपना नामांकन किया। गहमागहमी के बीच सपा के दोनों अधिकृत उम्मीदवारों समेत आधा दर्जन उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी ठोंकी। नामांकन करने वालों में सपा के अलावा प्रमुख रूप से भाकपा, राष्ट्रीय उदय पार्टी, भागीदारी पार्टी के प्रत्याशी भी शामिल रहे।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नामांकन करने पहुंचे सपा के अधिकृत प्रत्याशी शिवशंकर सिंह पटेल ने अपने समर्थकों के साथ अपना पर्चा दाखिल किया। उनके साथ इंडिया गठबंधन से कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे, आप जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, सपा जिलाध्यक्ष डा.मधुसूदन कुशवाहा, इशान सिंह लवी, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष शमीम बांदवी, नगर अध्यक्ष पुरषोत्तम गुप्ता और राजेंद्र सिंह शामिल रहे। नामांकन करने के बाद पटेल ने अपनी भारी बहुमत से चुनाव जीतने का दावा किया। शिवशंकर सिंह पटेल के नामांकन के बाद उनकी पत्नी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने भी सपा के अधिकार पत्र के साथ अपना पर्चा दाखिल करके कौतूहल पैदा कर दिया। एक ही पार्टी से पति-पत्नी के नामांकन के बाद लोकसभा क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गरम हो गया है। हालांकि सूत्रों का कहना है कि पति-पत्नी में से एक ही चुनाव लड़ेगा। दोनों का नामांकन एहतियात के तौर पर किया गया है। सपा के दोनों उम्मीदवारों के अलावा भागीदारी पार्टी (पी) के पंचा उर्फ पंचम लाल, कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से रामचंद्र सरस, राष्ट्र उदय पार्टी से गुलाबचंद्र और निर्दलीय उम्मीदवार चंद्रभवन ने अपना पर्चा दाखिल करके दावेदारी ठोंकी है। नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में भारी पुलिस बल तैनात रहा और किसी भी प्रत्याशी के साथ निर्धारित संख्या के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को अंदर दाखिल नहीं होने दिया गया। नामांकन स्थल पर जाने से पहले सभी प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की सघन तलाशी ली गई। सभी उम्मीदवारों ने जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल के समक्ष नामांकन दाखिल किया। अभी तक चली नामांकन प्रक्रिया के दौरान लोकसभा क्षेत्र से नौ उम्मीदवारों ने दावेदारी ठोंकी है।

## कार पेड़ से टकराई पांच लोग घायल

**बबेरू:** तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़ी। बाइक सवार को बचाने के प्रयास में पीछे से आ रही कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में दंपति समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोतवाली क्षेत्र के भुरेनपुरवा निवासी विशंभर (49) अपनी पत्नी पुष्पा (42) पुत्र हर्षित (13) को बाइक में बैठाकर बांदा आ रहा था। तभी जौरही गांव के पास सामने से आ रही कार को देख बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़ी। जिससे तीनों लोग घायल हो गए। बाइक सवारों को बचाने के प्रयास में कार भी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। कार सवार शहर कोतवाली क्षेत्र के मर्दन नाका निवासी नसीर (40), छिपटहरी निवासी तौफीक (41) घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# 'आओ मिलकर अलख जगाएं, शत-प्रतिशत मतदान कराएं'

कार्यालय संवाददाता, बांदा



मतदाता जागरूकता रैली निकालते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** महुआ खंड विकास अधिकारी राजेश तिवारी और ग्राम प्रधान विनीता त्रिपाठी के संयुक्त नेतृत्व में मंगलवार को पतौरा गांव में जागरूकता रैली निकाल कर ग्रामीणों को मतदान का महत्व बताते हुए 85 फीसदी मतदान के प्रति प्रेरित किया। पंचायत भवन से शुरू हुई जागरूकता रैली गांव के विभिन्न मार्गों का भ्रमण किया। इस दौरान रैली में शामिल ग्रामीणों व ब्लाक कर्मचारियों द्वारा लगाए जा रहे नारे 'बांदा बने देश की शान, 85 फीसदी हो मतदान' तथा 'सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो', 'आओ मिलकर अलख जगाएं, शत-प्रतिशत मतदान कराएं', 'आन बान और शान से, सरकार बने मतदान से', 'स्वस्थ जनतंत्र की है पहचान, सबको शिक्षा और मतदान' गूंजते रहे। गांव की गलियों में भ्रमण करने के बाद पंचायत भवन पहुंच कर जागरूकता रैली का समापन हुआ। ग्राम प्रधान ने मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि वह हिम्मत से सरकारें बनती और बिगड़ती है। वोट किसी को भी करें, लेकिन मतदान आवश्यक करें। संगोष्ठी में बीडीओ ने बनो देश के भाग विधाता. अब जागो बांदा के मतदाता का नारा देते हुए ग्रामीणों को मतदान और वोट का महत्व बताया गया। कहा कि एक वोट देश का भाग्य बदल सकता है। ग्राम प्रधान ने कहा कि सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए देश निर्माण में भागीदार बनें। इस मौके पर बीडीओ व ग्राम प्रधान समेत प्रधान प्रतिनिधि ओमप्रकाश त्रिपाठी, सचिव शैफाली मिश्रा के साथ तमाम ग्रामीण व अन्य लोग शामिल रहे।

# बिजली चोरी रोकने को लगेंगे साढ़े तीन लाख स्मार्ट मीटर

## जिले में जीनस पॉवर सॉल्यूशंस को मिला स्मार्ट मीटर लगाने का ठेका, शहरी क्षेत्र से की जाएगी शुरुआत, कटियाबाजों से मिलेगी निजात

कार्यालय संवाददाता, बांदा



स्मार्ट मीटर की जियो टैगिंग करते विद्युत कर्मी। अमृत विचार

● स्मार्ट मीटर में ऑन-ऑफ करने का स्विच भी रहेगा

**अमृत विचार।** जिले में विद्युत चोरों पर नकेल कसने के साथ बिजली की बिलिंग में इजाफा करने के लिए पॉवर कारपोरेशन ने घर-घर स्मार्ट मीटर लगाने की कवायद शुरू कर दी है। जानकारों की मानें तो 4जी स्मार्ट मीटर में ऑन-ऑफ करने का स्विच भी रहेगा, जिससे लोगों को बिजली की वास्तविक खपत के अनुसार ही बिल देना होगा। कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि अगले माह से जिले में करीब साढ़े तीन लाख स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। स्मार्ट मीटर लगाने की शुरुआत शहरी क्षेत्र से की जाएगी।

बिजली चोरी रोकने समेत अन्य सुविधाओं के लिए बांदा विद्युत वितरण मंडल में 3 लाख 45 हजार 4जी स्मार्ट मीटर लगाने की कवायद तेज हो गई है। स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर पॉवर कारपोरेशन और जीनस पॉवर साल्यूशन लिमिटेड कंपनी ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। जिले के विद्युत वितरण खण्डों में करीब एक सैकड़ा से अधिक स्थानों पर जियो टैगिंग कर चुकी है। बिजली विभाग के अधिकारियों की मानें तो स्मार्ट मीटर लगाने के बाद बिजली चोरी के मामलों पर अंकुश लगेगा और उपभोक्ता उपयोग के अनुसार ही बिल अदा करेंगे।

कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि कंपनी के कर्मचारियों ने विभिन्न स्थानों पर जियो टैगिंग का काम शुरू कर दिया है और अगले माह से नगरीय विद्युत वितरण खंड बांदा से स्मार्ट मीटर लगाने की शुरुआत की जा सकती है। उधर अधिशाषी अभिंयता विद्युत नगरीय वितरण खंड प्रकाश देव पांडेय का कहना है कि 4जी स्मार्ट मीटर लगने के बाद जहां बिजली चोरी पर रोक लगेगी, वहीं लाइनलॉस व कटियाबाजों से निजात मिलेगी।

### खपत पर आधारित होगा बिजली का बिल



प्रकाश देव।

अधिशाषी अभियंता प्रकाश देव पांडेय बताते हैं कि स्मार्ट मीटर को मोबाइल की तरह ही रिचार्ज कर सकेंगे और मीटर पर रुपए खत्म होने पर ऑनलाइन ही बिजली कनेक्शन भी काट दिया जाएगा। इससे बिजली कर्मियों को घर-घर मीटर की रीडिंग लेने के झंझट से भी छुटकारा मिल सकेगा। साथ ही गलत रीडिंग और बिल से संबंधित शिकायतों से भी निजात मिलेगी। बताया है कि मीटर की रीडिंग ऑनलाइन कंट्रोल रूम से ही लेकर बिल जनरेट कर दिया जाएगा और बिल का पूरा डिटेल मीटर पर ही डिस्प्ले होने लगेगा। कंट्रोल रूम से ही यह भी पता लगाया जा सकेगा कि किस ट्रांसफार्मर पर बिजली चोरी की जा रही है। स्मार्ट मीटर में खासबात यह भी होगी कि उसमें ऑन-ऑफ करने का विकल्प भी मिलेगा, जिससे उपभोक्ता घर से बाहर जाने पर मीटर को बंद कर सकता है। कुल मिलाकर स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ता को उतना ही बिल देना होगा जितने का वह उपयोग करेगा।

### आज 6 घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

शासन के निर्देश पर गर्मी के दिनों में उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए पावर कारपोरेशन तमाम कवायदों में जुटा है। पूर्व में पूरे शहर में जर्जर तार बदलने के बाद ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जा चुकी है। अब शहरी क्षेत्र के फीडरों की संख्या बढ़ाने का प्रक्रिया तेज हो गई है। पावर कारपोरेशन अधिशासी अभियंता (नगरीय) प्रकाश देव पांडेय ने बताया कि बुधवार को पीली कोठी से निकले ग्यारह केवी लोड शिफ्टिंग कार्य के चलते टेलीफोन, महेश्वरी देवी, छोटी बाजार, स्टेशन रोड फीडरों में सुबह 9 से दोपहर तीन बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। एक्सीएन ने उपभेक्ताओं से सहयोग मांगा है।

## सार-संक्षेप

### नियम विरुद्ध प्रचार सामग्री छापने पर होगी कार्रवाई

**बांदा।** एमसीएमसी सेल प्रभारीने जिले भर के प्रिंटिंग प्रेस मालिकों से आह्वान किया कि वह बिना जांच-पड़ताल व नियमों के विरुद्ध जाकर कोई भी चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशित न करें। शिकायत मिलने पर संबंधित प्रिटिंग प्रेस मालिकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे व प्रभारी अधिकारी मीडिया मानीटरिंग एंड सर्टीफिकेशन कमेटी (एमसीएमसी) मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि चुनाव से संबंधित हर सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम अवश्य छापें। भारतीय चुनाव आयोग ने लोकसभा उम्मीदवारों के खर्च की सीमा निर्धारित गई है, इसलिए यह जरूरी है कि उनके पंफ्लेट व पोस्टर आदि के खर्च का भी पूरा हिसाब-किताब रहे। लोकसभा आम चुनाव से संबंधित पंफ्लेट व पोस्टर उसी स्थिति में छापें जब सामग्री छपवाने वाला व्यक्ति हलफनामे के साथ दो गवाह दें और उनके हस्ताक्षर भी लेने जरूरी हैं। दलीय व निर्दलीय प्रत्याशियों को पोस्टर, बैनर, पंपलेट, समाचार पत्रों में प्रकाशित कराये जाने वाले विज्ञापन व अन्य चुनाव प्रचार संबन्धी का प्रकाशन कराने के पूर्व अनुमति एमसीएमसी सेल से लेना आवश्यक है।

### सम्मानित किए जाएंगे प्रो.राधा बल्लभ

**बांदा।** केदार स्मृति न्यास द्वारा वर्ष 2023 के लिए डा.रामविलास शर्मा आलोचना पुरस्कार प्रतिष्ठित आलोचक प्रो.राधा बल्लभ त्रिपाठी को प्रदान किया जाएगा। यह घोषणा न्यास के निर्णायक मंडल द्वारा की गई है। निर्णायक मंडल सदस्य प्रो.निर्मला जैन, अशोक बाजपेयी एवं प्रो.नित्यानंद तिवारी द्वारा लिए गए निर्णय के बाद जानकारी देते हुए बताया कि आचार्य राधा बल्लभ त्रिपाठी ने संस्कृत साहित्य एवं परंपरा के अपने प्रमाणित ज्ञान और अध्ययन का उपयोग कर हिंदी आलोचना में संस्कृत चिंतन, संस्कृत में विस्तृत भाषा, नाट्य सौंदर्य संबंधी अवधारणाओं को विसत रूप में व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इनमें से कई अवधारणाओं और युक्तियों से उन्होंने समकालीन हिंदी साहित्य की कुछ कृतियों का विश्लेषण किया है। उनके इस सार्थक हस्तक्षेप से हिंदी आलोचना की जातीय स्मृति और परंपरा की समझ समृद्ध हुई है। इसके साथ-साथ संस्कृत में अंतर्भूत दृष्टियों, विचारों और संवादों की आधुनिक प्रासंगिकता भी स्पष्ट हुई है। निर्णायक मंडल के सदस्यों ने बताया कि इससे पूर्व यह सम्मान रघुवंश मणि त्रिपाठी, प्रदीप सक्सेना, विनोद शाही, गोपेश्वर सिंह, शंभूनाथ, रोहिणी अग्रवाल, बजरंग बिहारी तिवारी, विजय बहादुर सिंह आदि आलोचको को सम्मानित किया जा चुका है।

### सेवानिवृत्त दो उप निरीक्षकों समेत तीन को दी गई विदाई

**बांदा।** पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित समारोह के दौरान अधिवर्षता की आयु पूरी कर सेवानिवृत्त हुए दो उप निरीक्षकों व एक अन्य पुलिस कर्मचारी को अपर पुलिस अधीक्षक ने स्मृति चिन्ह भेंटकर विदाई दी और उनके स्वस्थ्य जीवन एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित समारोह के दौरान अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले उप निरीक्षकों योगेंद्र बहादुर सिंह थाना बदौसा व रमाशंकर सिंह थाना मरका के साथ अन्य पुलिस कर्मी मोहन सिंह यादव को अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र ने स्मृति चिन्ह भेंटकर उन्हें सम्मानित किया और विदाई दी। समारोह में सहायक रेडियो अधिकारी अमित पासवान, प्रतिसार निरीक्षक वेदमणि मिश्र व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन रहे।

### मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट

बांदा। देहात कोतवाली क्षेत्र के लामा गांव निवासी रमेश (58) अपने घर के सामने खाली पड़े बाड़ा में कई वर्षों से मवेशी बांधता है। पड़ोसी जितेंद्र बाड़ा में कब्जा करना चाहता था। जितेंद्र ने रमेश को मवेशी बांधने से मना कर रहा था। लेकिन वह मानता नहीं था। मंगलवार की सुबह रमेश फिर से मवेशी बांधने पहुंचा। इस पर जितेंद्र गाली गलौज करने लगा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया कि देखते ही देखते दोनों पक्षों में लाठी चल गई। इसमें एक पक्ष से रमेश और उसका पुत्र दिनेश (28) व भतीजा शंकर (22) और दूसरे पक्ष से जितेंद्र (30) घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में ले लिया। उनका जिला अस्पताल में डाक्टरी परीक्ष्न कराया गया।

# ऑनलाइन खसरा जारी न होने से किसान परेशान

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● किसान सेवक ने मुख्यमंत्री को किसानों के हित में भेजा पत्र

**अमृत विचार।** तिंदवारी ब्लाक के किसान सेवक ने प्रदेश सरकार से ऑनलाइन खसरा बनाने की व्यवस्था को प्रभावी रूप से क्रियान्वित कराए जाने की मांग की है। कहा कि ऑनलाइन खसरा न बनने से किसानों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

किसान सेवक जयराम सिंह (बछेउरा) ने मुख्यमंत्री को भेजे अपने पत्र में कहा है कि शासन द्वारा पिछली 28 मार्च को दलहन और तिहलन का समर्थन मूल्य घोषित कर दिया गया था, जिसमें आनलाइन खसरा की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई थी, लेकिन एक माह बीत जाने के बावजूद भी राजस्व विभाग द्वारा आनलाइन खसरा किसानों को निर्गत नहीं किए जा रहे है और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था ही की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसान पिछले एक माह से निर्धारित समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेचने के लिए इधर, उधर भटक रहे हैं। उच्च अधिकारियों की चैखट पर लगातार आनलाइन खसरा उपलब्ध कराने के लिए दस्तक दे रहे हैं, लेकिन अधिकारी आज, कल में खसरा देने की बात कहते हुए किसानों को टकरा रहे हैं और इसी के चलते पूरा एक माह बीत गया है, जिसके परिणाम स्वरूप तमाम किसानों को मजबूरी में अपनी उपज मंडी में सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य से बहुत कम रुपए में प्रति कुंतल की दर से बेंचना पड़ रही है। इस तरह मसूर की बिक्री में किसानों को प्रति कुंतल लगभग 700 रुपए का नुकसान सहना पड़ रहा है।

## नशे में पति ने पत्नी को हंसिया मारकर जख्मी किया

**बांदा।** नशे में गाली गलौज दे रहे पति को मना करने पर पति ने पत्नी के ऊपर हसिया से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गई।

देहात कोतवाली क्षेत्र के ददरिया गांव निवासी गीता (30) का पति तारापत सोमवार की रात नशे की हालत में घर आया और गाली गलौज करने लगा। पत्नी ने इसका विरोध किया तो दोनो में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने गीता के ऊपर हंसिया से हमला कर दिया। वह लहूलुहान हो गई। शोर गुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। किसी तरह समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। गीता का कहना है कि पति उसे अक्सर घर से निकाल देता है। सोमवार की रात भी घर से निकाल दिया। वह रात भर घर के बाहर बैठी रही। सुबह पुलिस को जानकारी दी गई।

# विकास के लिए प्रजापति समाज संगठित हो

कार्यालय संवाददाता, बांदा



कार्यक्रम में मंचासीन हमीरपुर और बांदा के विधायक। अमृत विचार

● सपा के पूर्व प्रदेश सचिव समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

**अमृत विचार।** प्रजापति समाज के सम्मान समारोह में हमीरपुर सदर विधायक डा.मनोज प्रजापति ने देश के चहुंमुखी विकास के लिए समाज के लोगों से संगठित होने का आह्वान किया। उधर, सपा के पूर्व प्रदेश सचिव रामकिशुन प्रजापति ने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली।

झांसी-मिर्जापुर नेशनल हाईवे स्थित मैरिज हाउस में मंगलवार को प्रजापति समाज का भव्य स्वागत व सम्मान समारोह आयोजित हुआ। हमीरपुर सदर विधायक डा.मनोज प्रजापति का समाज के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। हमीरपुर विधायक ने कहा कि भाजपा पिछड़ों, दलितों सहित सभी वर्ग के लोगों को अवसर देने काम करती है। हर गरीब तक योजनाएं देकर उन्हें सशक्त बनाने का कार्य करती है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विश्व शक्ति के रूप जाना जा रहा है। समाज के लोग मिलकर राष्ट्र निर्माण में भारत के विकास के लिए संगठित हों। भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने भी समारोह को संबोधित किया। इस मौके पर सांसद आर के सिंह पटेल समेत संजीव प्रजापति, जयपाल आर्य, ओमप्रकाश प्रजापति, अशोक प्रजापति, मेवालाल प्रजापति, बरदानी प्रजापति, संजय प्रजापति, केशव प्रजापति, बद्री, फूलचंद्र प्रजापति, रामकेश प्रजापति, रोहित प्रजापति, आलोक दक्ष आदि उपस्थित रहे। संचालन रामपाल प्रजापति ने किया। उधर, सपा के पूर्व प्रदेश सचिव रामकिशुन प्रजापति उर्फ लल्लू पहलवान ने मंगलवार को समारोह के दौरान सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

सियासत | जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में 400 पार का बुलंद किया नारा

# आरक्षण पर देश-प्रदेश की जनता को गुमराह कर रही कांग्रेस

कार्यालय संवाददाता,बांदा




सम्मेलन को संबोधित करते सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल।

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपाई पूरी ताकत से जुटे हैं। इसी क्रम में तिंदवारी कस्बे में आयोजित पंचायत प्रतिनिधियों व कार्यकर्ता सम्मेलन में जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने का आह्वान किया। राज्यमंत्री ने विपक्षी दलों को आड़े हाथों लिया। कहा कि आरक्षण के नाम पर कांग्रेस देश और प्रदेश की जनता को गुमराह कर रही है।

तिंदवारी कस्बे के एक मैरिज हाल में मंगलवार को भाजपा का पंचायत प्रतिनिधियों व कार्यकर्ता सम्मेलन में ग्राम प्रधान, बीडीसी, डीडीसी, चेयरमैन, सभासद तथा अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने बढ़चढ़कर भागीदारी की। जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने अबकी बार 400 पार नारे को साकार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस, आरक्षण को लेकर देशवासियों को गुमराह कर रही है। कांग्रेस ने तुष्टिकरण के लिए कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में अल्पसंख्यकों को आरक्षण देकर एवं जामिया और एएमयू जैसी संस्थाओं में एससीएसटी और ओबीसी को वंचित रखकर आरक्षण खत्म करने का प्रयास किया है, लेकिन ये मोदी जी की गारंटी है कि जब तक भाजपा है, कांग्रेस आरक्षण को हाथ तक नहीं लगा पाएगी।

जब कांग्रेस की सरकार थी, तब हजारों टन अनाज सरकारी गोदामों में सड़ता था। मोदी सरकार 80 करोड़ जरूरतमंदों को हर महीने मुफ्त अनाज दे रही है और आने वाले 5 वर्षों की भी गारंटी दी है। कार्यक्रम को हमीरपुर महोबा तिंदवारी सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने भी संबोधित किया। संचालन तिंदवारी मंडल अध्यक्ष अनूप तिवारी व समापन पैलानी मंडल अध्यक्ष अमित निगम ने किया। इस दौरान देवेन्द्र शुक्ला, राकेश सिंह चौहान, महोबा जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, अच्छेलाल निषाद, रामकरण सिंह बच्चन, शीला सिंह, मटोध चेयरमैन सुधीर सिंह, रमेश चंद्र साहू, अजय प्रताप सिंह, अखिलेश नाथ दीक्षित, आनन्द स्वरूप द्विवेदी, राजनारायण द्विवेदी, सत्येंद्र प्रताप सिंह, कार्यक्रम संयोजक चंद्रभूषण पटेल सहित बड़ी संख्या में प्रधान व अन्य पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### भाजपा प्रत्याशी को जिताने का दिलाया संकल्प

भाजपा के ब्लाक स्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों व कार्यकर्ता सम्मेलन में महोबा-हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी को जिताने का संकल्प लिया। जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से देश मजबूत होगा। भाजपा सरकार में बुंदेलखंड में सबसे ज्यादा विकास हुआ है। सरकार बनने के बाद परियोजना चलाकर बुंदेलखंड का विकास कराया जाएगा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष डा.धर्मेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि मोदी-योगी की अगुवाई में देश और प्रदेश का चहुमुखी विकास हुआ है। इस मौके पर बड़ोखर खुर्द ब्लाक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू समेत अखिलेश नाथ दीक्षित, शीला सिंह, नरेंद्र तिवारी, देशराज सिंह, राकेश दादा, अंकित सिंह, शिवशरण शुक्ला, भारत तिवारी, राहुल तिवारी, विवेक त्रिपाठी, शिवम गुप्ता, अरविंद त्रिपाठी, शिवम द्विवेदी, राकेश बाजपेई, सुरेश तोमर, सौरभ तिवारी, राकेश तिवारी, दिनेश सिंह, भेजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता बड़ोखर मंडल अध्यक्ष श्यामबाबू पाल ने की।

## नदी में डूबने से बालक की मौत

**बदौसा।** बागै नदी किनारे रेत में लगी सब्जी तोड़ने माता पिता के साथ गए बालक की नदी में डूब कर मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के दुबरिया गांव के मजरा केवटन पुरवा निवासी बिक्रम निषाद का छह वर्षीय पुत्र शिवम मंगलवार को लगभग साढ़े नौ बजे अपनी मां संतोषिया के साथ बागै नदी के जीरा घाट के रेता में लगी सब्जी की बारी गया था। मां की नजरों से बच कर वह नदी की धारा में नहाने लगा। इसी दौरान वह गहरे पानी में डूब कर लापता हो गया। कुछ देर बाद मां ने उसे गायब पाया। शोर सुनकर आसपास के तमाम ग्रामीणों ने नदी में छलांग लगा दी और तलाश शुरू कर दी। काफी तलाश के बाद ग्रामीणों ने उसका शव नदी से बाहर निकाला। एसडीएम अतर्रा रावेंद्र सिंह व क्षेत्राधिकारी अतर्रा गवेंद्र पाल गौतम ने माता पिता सहित परिजनों को ढांढस बंधाया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# शाहपहाड़ी ग्राम में ग्रामीणों को टैंकर से जलापूर्ति

## गर्मी बढ़ने के साथ ही ग्राम्यांचल में पानी को लेकर मारामारी, हर घर जल योजना धड़ाम होने से उम्मीदों पर फिरा पानी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** विकासखंड कबरई के कई गांव में पानी को लेकर मारामारी मची हुई है। लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। सबसे ज्यादा पानी का संकट ग्राम शाहपहाड़ी में बना हुआ है। ग्राम शाहपहाड़ी में पानी की किल्लत से ग्रामीण जाम लगा चुके हैं और अधिकारियों को पानी की समस्या से अवगत कराया जा चुका है। गांव में पानी की समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने शाहपहाड़ी गांव में टैंकरों से पानी की आपूर्ति शुरू करा दी है।

शाहपहाड़ी के ग्रामीण तड़के सुबह से उठकर हैंडपंपों में पानी भरने के लिए लाइन लगाते हैं। इतना ही नहीं नमामि गंगे योजना के तहत हर घर जल मुहैया कराए जाने के उद्देश्य से पाइप लाइन बिछा दी गई, लेकिन पानी के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए। इससे ग्रामीण अंचलों में पानी को लेकर हाय तौबा मचने लगी है। शहर के अलावा गांव-गांव पानी की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए सरकार की महत्वाकांक्षी नमामि गंगे पेयजल योजना के तहत गांव-गांव पाइप लाइन बिछाकर पेयजल के घर-घर निःशुल्क कनेक्शन कर दिए। इतना ही नहीं बिछाई गई पाइप लाइन के जरिए पानी की आपूर्ति भी शुरू कर दी गई, लेकिन गर्मी शुरू होते ही हर घर जल योजना धड़ाम हो गई। गांव गांव में लोग पानी के लिए परंपरागत कुओं और हैंडपंपों पर एक बार फिर आश्रित हो गए हैं। जबकि हर घर जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाए जाने के बाद भी इस साल गर्मी में पानी का संकट पैदा न होने के कयास लगा रहे थे, लेकिन उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया।

जिला मुख्यालय से चार किमी दूर ग्राम शाहपहाड़ी में पानी की किल्लत को देखते हुए अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश, जल निगम के अधिशाषी अभियंता संदेश सिंह तोमर, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोइन, जिला पंचायतराज अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर पानी की समस्या का जायजा लिया और ग्रामीणों से पानी की समस्या के बावत बातचीत भी की।

गांव का भ्रमण कर गांव में स्थापित 37 पंपों को क्रियाशील पाया। दो ट्यूबवेल भी देखे। गांव के जल निगम द्वारा लगातार दो टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जा रही है। टैंकरों से गांव में भेजे जा रहे पानी अपर जिलाधिकारी ने स्वयं पीकर देखा। इसके बाद ग्रामीणों को पानी भरवाया गया।

बताया गया कि वर्तमान समय में ग्राम शाहपहाड़ी में पानी की समस्या दूर करने के बाद भी अधिकारियों द्वारा गांव में भ्रमण किया जा रहा है। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि कबरई पेयजल योजना के अंतर्गत काम चल रहा है। एडीएम ने जोर देकर कहा कि योजना अतिशीघ्र शुरू कर दी जाएगी।



टैंकर का पानी पीकर गुणवत्ता देखते अफसर।


ग्रामीणों से बातचीत करते अपर जिलाधिकारी। अमृत विचार

### गर्मी के दिनों में फिर याद आए हैंडपंप-कुएं

हर घर में नल के कनेक्शन हो जाने के बाद शहर व ग्रामीण अंचलों में संकट के समय प्यास बुझाने वाले प्राचीन कुओं और हैंडपंपों की याद आने लगी है। कुओं की हालत यह है कि अब महीनों लोग कुओं की तरफ देखते नहीं है। कमोवेश यही हाल हैंडपंपों का भी है। हैंडपंप में वही लोग पानी भरते है, जिन्होंने घरों पर नि:शुल्क कनेक्शन भी नहीं कराया है। गर्मी के परवान चढ़ते ही बढ़ते पानी के संकट को देखते हुए लोगों को फिर से परंपरागत प्राचीन कुओं और हैंडपंपों की याद आने लगी है। यही वजह है कि गांव-गांव में अब सुबह से ही हैंडपंपों और कुओं में पानी को लेकर भीड़ जुटने लगी है।

### अफसरों की टीम ने पानी पीकर किया टेस्ट

ग्राम शाहपहाड़ी में अधिकारियों की टीम ने पहुंचकर पानी के स्रोतों को देखा। हैंडपंपों से निकलने वाले पानी को पीकर चेक किया। इसके बाद नमामि गंगा योजना के तहत बिछाई गई पाइप लाइन के कनेक्शन को भी देखा, लेकिन नलों में नाम मात्र का पानी आता दिखाई दिया। जिस पर अधिकारियों ने नियमित गांव में टेंकरों से पानी की आपूर्ति किए जाने के निर्देश दिए, जिससे पानी की समस्या से न जूझना पड़े। निरीक्षण करने पहुंचे अपर जिलाधिकारी ने बताया कि गांव में पर्याप्त हैंडपंप है, जो संचालित है। साथ ही नलों में भी पानी आ रहा है। उनका कहना है कि पानी की गांव में कोई समस्या नहीं है।

# पत्नी के मायके जाने से आहत पति ने दे दी जान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- शराब पीकर पति की पिटाई से आजिज होने पर भाई के साथ मायके गई



**अमृत विचार।** थाना खरेला के ग्राम शिवहार में पति के शराब पीने से परेशान पत्नी भाई के साथ मायके चली गई। बहन को लेने आए भाई ने शराब पीने के आदी जीजा से खरी-खरी कही। पत्नी की मायके चले जाने की जुदाई से परेशान परेशान पति ने खेत में बनी कुटिया में फांसी लगाकर जान दे दी। रात भर फांसी के फंदे पर लटके रहे किसान को सुबह आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने देखा और परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उताने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ग्राम शिवहार निवासी विंदा अहिरवार उर्फ देशपाल (36) पुत्र नारायण अहिरवार पत्नी के साथ घर पर रहता था। बिंदा शराब का आदी था। इसको लेकर आए दिन पति-पत्नी के बीच विवाद होता रहता था। पति शराब के नशे में आए दिन पत्नी के साथ मारपीट भी करता था, जिससे पत्नी आजिज आ चुकी थी। एक सप्ताह पहले पत्नी ने अपने भाई को बुलाया और वह उसके साथ मायके चली गई। पत्नी के मायके जाने से वह परेशान रहने लगा और उसने खेत में बने एक कच्चे मकान में जाकर सोमवार की शाम को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रात भर किसी ने उसे नहीं देखा। सुबह खेत पहुंचे आसपास के किसानों ने बिंदा अहिरवार का शव फांसी के फंदे पर लटका देख परिजनों को सूचना दी। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को बुलाया। पुलिस ने ग्रामीणों के सामने शव को नीचे उतारने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। किसान की मौत से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घर में कोहराम मचा हुआ है।

# सात लाख से निर्मित सामुदायिक शौचालय में पांच माह से ताला बंद

संवाददाता, बेलाताल-महोबा

**अमृत विचार।** विकासखंड जैतपुर के ग्राम पंचायत पुरवा जैतपुर गांव में सात लाख की लागत से बनाया सामुदायिक शौचालय में महीनों से ताला लटक रहा है। ऐसे में ग्रामीण शौच के लिए बाहर जाने के लिए विवश हैं।

शौचालय बंद होने से गांवों को खुले में शौच से मुक्त कराने के सरकार के दावों और प्रयासों पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने खण्ड विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत सचिव को लिखित शिकायत दी लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। एक तरफ सरकार खुले में शौच के लिए पूरी तरह से गंभीर है वहीं दूसरी तरफ सामुदायिक शौचालय में महीनों से ताला तटका होने के कारण ग्रामीण मजबूरन खुले में शौच के लिए जा रहे हैं। सरकार द्वारा गांव गांव में लोगों को शौचालय निर्माण के लिए भी धनराशि दी गई, इसके अलावा सामुदायिक शौचालय के भी निर्माण कराए गए, लेकिन शौचालय का ताला न खोले जाने से ग्रामीणों को असुविधा का सामाना करना पड़ रहा है।

एडीओ पंचायत दयाशंकर जायसवाल ने बताया कि सामुदायिक शौचालय पांच माह से बंद है, केयर टेकर द्वारा कार्य में लापरवाही करते हुए दो नोटिस जारी किए हैं, लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं आया। बहुत जल्द नया केयरटेकर नियुक्त कर शौचालय खोला जाएगा। ग्राम प्रधान छत्रपाल ने बताया कि केयर टेकर पूर्व में जिसे नियुक्त किया था वह समय से सामुदायिक शौचालय नहीं खोल रहा था। केयर टेकर को ग्राम पंचायत की ओर से नोटिस जारी कर दिए हैं। बहुत जल्द नया केयर टेकर रख लिया जाएगा।



पुरवा जैतपुर गांव के सामुदायिक शौचालय पर लगा ताला। अमृत विचार

- ग्रामीण खुले में शौच जाने के लिए हो रहे मजबूर

# पुलिस ने गैंगस्टर के आरोपी सहित दो को पकड़ा

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस टीमों को अवैध शराब, वांछित सहित अन्य अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाए कर उनके खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसके तहत थाना खन्ना पुलिस ने अवैध शराब सहित एक ग्रामीण को पकड़ा है। वही चरखारी पुलिस टीम ने भी गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को पकड़ा है।

थानाध्यक्ष खरेला गोपालचंद्र कनौजिया ने बताया कि उपनिरीक्षक अवनीश कुमार यादव ने चेकिंग अभियान के तहत नारायण (54) निवासी ग्राम कुड़ार खरेला को गौशाला के पास से बीस लीटर शराब सहित गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार थाना चरखारी पुलिस ने गैंगस्टर में वांछित पुष्पेंद्र राजपूत (24) पुत्र भ्ज्ञगत सिंह निवासी ग्राम अनघोरा चरखारी को तालाब के समीप से पकड़ा है। अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया गया है।

# सफाई न होने से नालियां चोक, जलभराव

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** विकासखंड कबरई के ग्रामों में नियमित सफाई न होने से चारो तरफ गंदगी दिखाई देती है। नालियां कूड़े से पटी होने के कारण चोक हो गई है, जिसके चलते रास्ते पर गंदा पानी एकत्र हो गया है। इस जलभराव की समस्या से ग्रामीणों को दो-चार होना पड़ रहा हैं। इतना ही नहीं सड़कों पर पानी भरे रहने से मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ रहा है। विभाग द्वारा न तो एंटी लरवा का छिड़काव गया और न ही इन समस्याओं के लिए कोई पुख्ता इंतजाम किए गए, जिससे तमाम बीमारियों का खतरा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

गौरतलब है कि जहां एक तरफ केंद्र सरकार की ओर से स्वच्छ भारत मिशन अभियान चलाया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त न होने के बावजूद विभाग सफाई कार्य को अमली जामा पहने की कोशिश में जुटा हुआ है। कुछ यही हाल विकासखंड कबरई के ग्राम बीजानगर, बिलबई, दमौरा सहित आधा दर्जन ग्रामों का है, जहां पर वर्तमान समय में रूटीन से की जाने वाली सफाई व्यवस्था दिखाई नहीं दे रही है। सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूरी की जा रही है, जिससे सड़कों और घरों के बाहर कूड़ा करकट नजर आ रहा है साथ ही नाले नालियों की सफाई न होने से वह चोक हो गई हैं और नालियों का पानी सड़कों पर एकत्र हो गया है, जिससे यहां के बाशिंदों को आमागमन में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। जलभराव के चलते मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है, लेकिन विभाग द्वारा अभी तक एंटी लारवा सहित अन्य दवाओं का छिड़काव नहीं किया गया।

ग्रामीण सुजान सिंह, मुकेश, अरविंद, मुन्ना, राजू, दिनेश, रामकुमार, बारे आदि का कहना है कि पंचायत सचिव अपने कार्य के प्रति तनिक भी गंभीर नजर नहीं आते हैं, जिस कारण ग्रामों की व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं हो पा रही है। बताया कि सफाई कर्मी मनमाने ढंग से अपने कार्य को अंजाम देते हैं और नियमित सफाई कार्य नहीं करते हैं। हफ्तों नालियों की सफाई न होने से सड़कों पर पानी जमा हो जाता है, जिससे आवागम में तो दिक्कत होती है साथ ही गर्मी के मौसम में तमाम बीमारियों का खतरा बढ़ने का डर भी ग्रामीणों को सता रहा है। बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे दस्तक अभियान के तहत बच्चों को दस्त रोग, निमोनिया, और जन्मजात बीमारियों से पीड़ित बच्चों की पहचान कर उन्हें निःशुल्क जाँच एवं उपचार तथा परिवहन सुविधाएं प्रदान की जाती है और इस अभियान के अन्तर्गत स्वास्थ्य, ग्राम्य विकास व बेसिक शिक्षा एक साथ मिलकर कार्य करते हुए बीमारियों के उपचार एवं बचाव की जानकारी भी मुहैया कराते है, लेकिन इन गांवों में इस अभियान को सफल बनाने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाए गए हैं।


ग्राम की सड़क पर भरा गंदा पानी। अमृत विचार

- मच्छरों का प्रकोप बढ़ा, बचाव के इंतजाम नहीं

# अलग-अलग क्षेत्रों में चार ने खाया जहर

**महोबा।** जिले में लोगों द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन किए जाने की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। इसी क्रम में जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में चार लोगों ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नथूपुरा निवासी फूलवती (30) पत्नी कामता ने मामूली विवाद के चलते जहरील पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। पति द्वारा उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। ग्राम बनियातला निवासी दयाशंकर (19) पुत्र छानीलाल ने किसी बात से क्षुब्ध होकर जहरीले पदार्थ खा लिया। परिजनों द्वारा हालग बिगड़ने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसी प्रकार नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टीकामऊ निवासी संतोष की बीस वर्षीय पुत्री खुशी और ग्राम टिकरी निवासी पप्पू (25) पुत्र करन ने भी जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की, जिन्हें परिजनों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी मरीजों का जिला अस्पताल मे उपचार किया जा रहा है।


# छोटी-बड़ी सूचनाओं को संकलित करने के दिए आदेश

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने जाने के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल गोष्ठी की। चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था संबन्धी तैयारियों की समीक्षा की। सभी को सूचनातंत्र विकसित करते हुए क्षेत्र की छोटी-बड़ी सूचनाओं को संकलित किए जाने के भी आदेश दिए गए हैं।

गोष्ठी के मौके पर गूगल मीट के जरिए जुड़े पुलिस अधिकारियों, प्रभारी निरीक्षकों और थानाध्यक्षों को चुनाव में मेहनत, इमानदारी से जुट कर निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराने के निर्देश दिए। गोष्ठी में एसपी ने जिले के राज्यपत्रित अधिकारियो, थानाध्यक्षों, कोतवाली प्रभारियों चुनाव सेल प्रभारी को चुनाव संबंधी तैयारियों में तेजी से जुटने और आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी नियंतत्रण रखे जाने, कानून व्यवस्था, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबन्ध में अपराधियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ की गई निरोधात्मक कार्रवाई की बिंदुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए साथ ही चुनाव में ईमानदारी और मेहनत के साथ जुटने के भी निर्देश दिए। चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में अराजकतत्वों का माहौल बनाने वालों को चिन्हित करते हुए कठोर निरोधात्मक कार्रवाई की जाए और बड़े मुचलके पर पाबंद किया जाए। अपराधियों पर जिला बदर की कार्रवाई किए जाने के भी निर्देश दिए गए।

वर्चुअल गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना कुलपहाड़ क्षेत्र में पिछले दिनों हुई लूट की घटना के दृष्टिगत संबन्धित को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने सभी पुलिस क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले को अपराध मुक्त बनाने के लिए सभी अपने अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहे। जिले के प्रत्येक इंट्री प्वाइंट, अंतर्राज्जीय बार्डर पर सीसी टीवी कैमरों की स्थापना करते हुए बैरियर लगाकर सघन चेकिंग अभियान नियमित चलाया गया। अपराधियों चिह्नांकन के लिए रैंडम चेकिंग कराई जाए। इस दौरान बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों, बाइक में तीन सवारी बैठाने, मुह छिपाकर, गमछा बांधकर चलने वाले लोगों पर नजर रखी जाए।


ऑनलाइन गोष्ठी में निर्देश देतीं एसपी अपर्णा गुप्ता। अमृत विचार

- एसपी ने गूगलमीट के जरिए पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों की ली बैठक

# अरुण राठौर बने युवा मोर्चा के ब्लाक अध्यक्ष

**महोबा।** बुंदेलखंड किसान यूनियन को ब्लाक स्तर पर विस्तार करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता पंकज तिवारी ने अरुण कुमार राठौर को ब्लाक पनवाड़ी का युवा मोर्चा अध्यक्ष बनाया हैं। साथ ही एक जिम्मेदारी और सौंपते हुए उन्हें मीडिया प्रभारी भी नियुक्त किया गया। ब्लाक अध्यक्ष को पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका मुंह मीठा करते हुए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर नवागत ब्लाक अध्यक्ष ने कहा कि पदो की गरिमा बताते हुए पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ यूनियन की नीतियों के तहत अपने कार्य को अंजाम देंगे।

नामांकन | बसपा प्रत्याशी ने कहा, बेरोजगारी, महंगाई व किसानों के मुद्दों को लेकर लड़ा जाएगा चुनाव

# बसपा से सुरेशचंद्र, भाजपा से भानु प्रताप ने दाखिल किया पर्चा

कार्यालय संवाददाता उरई/जालौन

**अमृत विचार।** जालौन-गरौठा व भोगनीपुर सुरक्षित लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी सुरेशचंद्र गौतम ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह वर्मा ने भी एक सेट नामांकन दाखिल किया।

बसपा प्रत्याशी सुरेश चंद्र गौतम अपने प्रस्तावकों झांसी मंडल प्रभारी बसपा डॉ. बृजेश कुमार जाटव, बसपा जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र चौधरी, पूर्व बसपा विधानसभा कालपी प्रत्याशी छुन्ना पाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कालपी जगजीवन अहिरवार, अवधेश निरंजन, भगवती शरण पांचाल, आदेश भंते सहित तमाम बसपा नेता आज मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर प्रत्याशी सुरेशचंद्र गौतम अपने प्रस्तावकों के साथ रिर्टनिंग अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय के कक्ष में पहुंच कर नामांकन पत्र दाखिल किया।

नामांकन पत्र दाखिल करने के उपरांत पत्रकारों से वार्ता करते हुए बसपा प्रत्याशी सुरेशचंद्र गौतम ने कहा कि वह चुनाव में बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याओं के अलावा क्षेत्र के विकास के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जायेंगे। वह जीत के प्रति आश्वस्त हैं।

मालूम हो कि सोमवार को भी बसपा प्रत्यासी सुरेश चंद गौतम नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे थे,मगर चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित समय समाप्त हो जाने के कारण नामांकन पत्र जमा नहीं कर पाए थे, इसी लिए आज सादगी से पहुंचकर नामांकन पत्र जमा किया।


पर्चा दाखिल करने जाते बसपा प्रत्याशी सुरेश चंद्र गौतम। अमृत विचार


नामंकन करते भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह वर्मा। अमृत विचार

- सोमवार को सुरेश चंद्र देरी के चलते नहीं करा सके थे नामांकन

# अन्ना मवेशियों के लिए धूप बनी मुसीबत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी अन्ना मवेशियों के लिए मुसीबत बन गई है। तेज धूप और लू के थपेड़ों के बीच अन्ना मवेशी खुले आसमान के नीचे सड़कों पर घूम रहे हैं। मवेशियों के लिए अब गौशालाओं में भी खानपान का कोई इंतजाम नही किया जा रहा है। जिसके चलते गर्मी में मवेशियों को छुट्टा छोड़ दिया गया है। अन्ना जानवर अपनी भूख और प्यास मिटाने के लिए तालाबों और जंगलों में घूम रहे हैं, जिससे अन्ना मवेशियों के छोटे छोटे बच्चे बेहाल दिखाई दे रहे हैं।

जिलाधिकारी के निर्देश पर पिछले माह नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों द्वारा शहर और बाजार में घूम रहे अन्ना मवेशियों को खदेड़कर गौशालाओं में भेजा गया था, जिससे अन्ना मवेशी यहां पर सुरक्षित रह सके साथ ही सड़कों पर दुर्घटनाओं से अन्ना मवेशी बच सके, लेकिन कुछ दिनों तक अन्नापशुओं को गौशालाओं में रखा गया इसके बाद धीरे धीरे उन्हें छोड़ दिया गया, जिससे अब अन्नापशु फिर से सड़कों पर घूमने लगे हैं, इससे दुर्घटनाओं का भी खतरा बढ़ गया है।

खेतों में लगी फसल की कटाई और मड़ाई हो जाने के बाद किसान अन्ना मवेशियों से अब निश्चिंत हो गया है। जिसके चलते गौशालाओं से भी अन्ना जानवरों को आजाद कर दिया गया है, लेकिन भीषण गर्मी इन मवेशियों के लिए बबाले जान बन गई है। इन्हें न तो भर पेट चारा भूसा मिल रहा और न ही धूप से बचाव कर पा रहे है। उल्टा सड़कों पर घूमने से बेफिक्र होकर सड़कों पर दौड़ने वाले अब ट्रक चालकों को भी धीमी गति से चलना पड़ रहा है।


सड़कों पर घूम रहे अन्ना मवेशी। अमृत विचार

- फसल की कटाई और मड़ाई हो जाने के बाद गौशालाओं से बाहर घूमने लगे मवेशी

# निर्दोष दीक्षित समेत चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन

## नामांकन का तीसरा दिनः अब तक कुल पांच प्रत्याशियों ने सात पर्चे किए दाखिल, कलेक्ट्रेटपरिसर में रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


पर्चा दाखिल करने जाते बसपा प्रत्याशी निर्दोष दीक्षित।


निर्वाचन अधिकारी को नामांकन पत्र सौंपते भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के अनुपम त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन के पांचवें चरण के लिये नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन मंगलवार को चार उम्मीदवारों ने एक एक सेट नामांकन पत्र दाखिल किये है। अब तक कुल 5 उम्मीदवारों ने सात नामांकन पत्र दाखिल कर दिये है।

मौसम की तपिश के साथ सियासी पारा भी चढ़ता जा रहा है। मंगलवार को नामांकन पत्र जमा करने की प्रक्रिया के तीसरे दिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बसपा प्रत्याशी निर्दोष दीक्षित ने सादगी के साथ एक सेट पर्चा दाखिल किया।उनके साथ बसपा जिलाध्यक्ष राघवेंद्र अहिरवार, विधान सभा अध्यक्ष विनय अहिरवार आदि मौजूद रहे। इसके बाद भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से अनुपम त्रिपाठी, निर्दलीय प्रत्याशी संतोष कुमार ने भी एक एक नामांकन पत्र दाखिल किया है। वहीं समाजवादी पार्टी से अजेंद्र कुमार सिंह के प्रस्तावकों ने दूसरा सेट दाखिल किया। अब तक कुल पांच उम्मीदवारों ने लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए सात नामांकन पत्र दाखिल किए गए है।

**करोड़पति हैं बसपा प्रत्याशी निर्दोष दीक्षितः**हमीरपुर। लोकसभा चुनाव में तीसरे दिन नामांकन दाखिल करने वाले बसपा प्रत्याशी निर्दोष दीक्षित करोड़ की अचल संपत्ति के मालिक होने के साथ ही उनके नाम तीन वाहन भी है। बसपा प्रत्याशी निर्दोष दीक्षित ने मंगलवार को सादगी के साथ पहला नामांकन पत्र दाखिल किया। जिसमें दर्शायी गई संपत्ति में उनके बैंक खाते में 14 लाख 09 हजार 157 रुपये, जबकि 5.20 लाख नगदी है। उनके नाम से 85 हजार की बीमा व एफडी है। साथ ही महोबा सहित छतरपुर में एक करोड़ 15 लाख की अचल संपत्ति है। जिसमें 8.49 एकड़ कृषि भूमि व तीन प्लाट है। उनके पास 2.80 लाख कीमत का सोना है।

इसके अलावा वह दो लग्जरी कारों सहित तीन वाहनों के मालिक है। बसपा प्रत्याशी ने 9.60 लाख धनराशि का विभिन्न बैंकों से कार व होम लोन भी ले रखा है। बसपा प्रत्याशी के विरुद्ध महोबा जनपद के कबरई थाना में 354 का मुकदमा दर्ज है जो सीजेएम कोर्ट में विचाराधीन है। इसके अलावा महामारी अधिनियम की धारा 3 सहित विभिन्न धाराओं में मामले दर्ज है। जबकि उनकी पत्नी के खाते में 50 हजार की धनराशि व 2.25 लाख की नगदी है। इसके साथ ही सात लाख की कीमत के सोने के आभूषण व 42 हजार के चांदी के आभूषण हैं।

### बसपा प्रत्याशी ने अधिवक्ताओं से किया संपर्क

**हमीरपुर।** लोकसभा चुनाव में बसपा प्रत्याशी निर्दोष कुमार दीक्षित अन्य प्रत्याशियों की जगह अभी हाल में टिकट फाइनल होने के प्रचार अभियान युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है। मंगलवार को प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद शहर में प्रचार तेज कर दिया। प्रत्याशी के साथ पार्टी से सदर विधानसभा का चुनाव लड़ चुके वरिष्ठ नेता रामफूल निषाद, सदर विधानसभा अध्यक्ष विनय अहिरवार, लालू प्रसाद वर्मा, जिलाध्यक्ष राघवेंद्र अहिरवार, भानु प्रताप वर्मा सहित अन्य बसपा कार्यकर्ताओं ने जजी पहुंच अधिवक्ताओं से समर्थन के साथ वोट देने की अपील की।

# घर से लापता बच्चा दूसरे दिन झाड़ियों में मिला

संवाददाता, कुरारा(हमीरपुर)

- पुलिस ने तत्परता से तलाश कर परिजनों को सौंपा


बालक को परिजनों को सौंपती पुलिस।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के सिद्ध बाबा का डेरा में दो वर्षीय मासूम सोमवार की देर शाम गायब हो गया था। तलाश करने के बाद कोई सुराग न लगने पर पिता ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बालक की तलाश में जुट गई। देर रात तक तलाश करने के बाद मंगलवार को सुबह तड़के बालक को गांव के बाहर झाड़ियां से बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया।

क्षेत्र के डिमुहा गांव की ग्राम पंचायत के मजरा सिद्ध बाबा का डेरा गांव निवासी अनिल पुत्र पप्पू ने दी तहरीर में बताया कि उसका दो वर्षीय पुत्र अयांश सोमवार को शाम को 6 बजे घर के बरामदे में खेल रहा था। वह लोग अपने काम में व्यस्त थे। कुछ समय बाद देखा तो मासूम वहां नहीं था। इस पर उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। जिस पर उसने कुरारा थाने में सूचना दी और अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा डॉग स्क्वायड टीम व थाना कुरारा पुलिस टीम को गुमशुदा बच्चे की सकुशल बरामदगी के लिए मौके पर पहुंचकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थाना पुलिस व डॉग स्क्वायड टीम द्वारा रात्रि में लगातार सर्च अभियान चलाकर परिजनों व स्थानीय लोगों की मदद से आस-पास तलाश कर बच्चे को गिमुहा का डेरा में बबूल के घने पेड़ों के जंगलों में नाले के पास से मंगलवार को सुबह तड़के साढ़े पांच बजे बरामद कर परिजनों को सकुशल सौंप दिया।

# युवक ने ससुराल में फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

- मृतक के ताऊ ने हत्या किए जाने का लगाया आरोप


भारत निषाद की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के धुंधपुर गांव में ससुराल आए युवक ने पत्नी से झगड़ने के बाद सोमवार की देर शाम फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उधर, मृतक के परिजनों ने ससुरालीजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

थाना क्षेत्र के धुंधपुर गांव निवासी सुग्रीव निषाद की पुत्री शकुंतला निषाद की शादी पिछले वर्ष 6 जून को बांदा के मोहल्ला क्वेटरा निवासी भारत निषाद (23) वर्ष से हुई थी। शकुंतला के परिवार में शादी होने के चलते पति-पत्नी बीते 21 अप्रैल को धुंधपुर गांव आए हुए थे और पत्नी को छोड़ने के बाद पति भारत 22 अप्रैल को बांदा वापस चला गया। वह 25 अप्रैल को पत्नी को लिवाने के लिए धुंधपुर आया और तीन दिन वहीं बना रहा। 29 अप्रैल को जब पत्नी को उसने बांदा चलने के लिए तैयार हो जाने के लिए कहा तो पति-पत्नी में विवाद हो गया और उसने जमकर शराब पी। पत्नी ने बताया कि शाम को वह घर के अंदर छपरे की बल्ली से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस व भारत के परिजनों को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतक के ताऊ छक्कीलाल निषाद ने आरोप लगाया कि भतीजे की हत्या कर शव को आत्महत्या का रूप देने के लिए फंदे में लटकाया गया है।

कहा कि पोस्टमार्टम के बाद तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराएंगे। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि युवक के फंदा लगाकर जाने देने की सूचना मिली थी। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है अगर कोई तहरीर मिलती है तो जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी। बताते है कि मृतक की पत्नी छह माह की गर्भवती है।

### संदिग्ध हालात में युवक ने फांसी लगा जान दी

**सरीला (हमीरपुर)।** कस्बे के गुरुदेव पुरा इलाके के निवासी अरुण (28) पुत्र बृजनंदन ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते अपने घर में रस्सी के फंदे पर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जब मृतक के पिता ने अपने पुत्र अरुण को फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देखा तो उनके होश उड़ गए। मृतक के परिजनों ने बताया कि अरुण मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार के भरण पोषण में सहयोग करता था। बताया कि अरुण अविवाहित था तथा अपने चार भाइयों में तीसरे नंबर का था तथा राठ में रहकर वह राजमिस्त्री का काम करता था। वह दो दिन पहले ही अपने घर गया था। बताया कि मृतक अपने पीछे मां अहिल्या देवी के अलावा भाई करन, पवन और अर्जुन सहित अन्य परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। मामले में जरिया थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। इसके बाद ही आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

# ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर विवाहिता के साथ मारपीट गाली गलौज करने पर विवाहिता ने 10 ससुरालीजनों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मुकदमा कायम कराया है। कस्बे की नई बस्ती निवासी राबिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि अतिरिक्त दहेज के साथ बाइक आदि की मांग को लेकर सास, ससुर, पति,जेठ, ननद उसके साथ आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करते हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मऊरानीपुर झांसी निवासी पति मेराज राइन, सास मुन्नी, ससुर हाजी बच्चन, जेठ यासीन, आरिफ, आमीन, आसिफ, चांद राइन, ननद रुखसाना, इमराना के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मुकदमा दर्ज किया है।

# टप्पेबाजी में दो लोग किए गए गिरफ्तार

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** सोमवार को दोपहर मरकरी ठीक कराने के बहाने बाइक में बैठाकर संविदा लाइनमैन के साथ टप्पेबाजी करके फरार हुए दो लोगों को पुलिस ने दबोचकर पूछताछ शुरू किया है। दोनों फतेहपुर निवासी बताए जा रहे हैं।

सोमवार को दो युवक पावर हाउस के संविदा लाइनमैन लालमन को मरकरी ठीक करने के बहाने बाइक में बैठाकर साथ ले गए थे और रास्ते में उसकी जेब में पड़े 40 हजार रुपये पार कर दिए थे और तपोभूमि के समीप उतारकर फरार हो गए थे। पीड़ित लाइनमैन ने घटना की तहरीर पुलिस को सौंपी थी। पुलिस ने हाइवे पर लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज खंगालने के बाद मंगलवार को दो युवकों को दबोचा है। दोनों युवक फतेहपुर निवासी बताए जा रहे हैं।

# रैली निकाली और ग्रामीणों को बताई वोट की कीमत

संवाददाता, कुरारा(हमीरपुर)


रिठौरा गांव में मतदाता जागरुकता रैली निकालते बीडीओ बिपिन गुप्ता। अमृत विचार


मनरेगा मजदूरों को मतदान की शपथ दिलाते सचिव व ग्राम प्रधान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के रिठौरा गांव में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए प्रशासन के निर्देश पर प्रतिदिन मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। मंगलवार को खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता की अध्यक्षता में रिठौरा गांव में जागरूक महिलाओं व स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को आने वाले लोकसभा चुनाव में वोट डालने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा

- शतप्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया

कि आने वाले लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोग अपने मत का प्रयोग करे। इसके साथ ही गांव के विद्यालय में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शपथ दिलाई गई। मतदाता जागरुकता रैली में प्रदीप कुमार, आंगनबाड़ी, आशा कार्यकता आदि मौजूद रहे।

### मजदूरों को दिलाई मतदान करने की शपथ

**मौदहा (हमीरपुर)।** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य लेकर जनपद में लगातार जागरुकता का अभियान चलाए जा रहे है। इसी क्रम में मंगलवार को तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पंचायत सचिवों व ग्राम प्रधानों ने मनरेगा मजदूरों के कार्य स्थल पर पहुंचकर वहां काम कर रहे मजदूरों को अधिक से अधिक मतदान करने की शपथ दिलाई गई। बताते चलें की स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रत्येक विभाग अपने कर्मियों व समाज के अन्य लोगों में शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता अभियान चला रहे हैं। इसी क्रम में मनरेगा से संबंधित अधिकारी अब गांव गांव में पहुंचकर श्रमिकों को उनके कार्यस्थल पर ही शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई जा रही है। मंगलवार को क्षेत्र के उरदना, मदारपुर सहित अन्य गांवों में मनरेगा मजदूरों को मतदान की शपथ संबंधित गांव पंचायत के सचिव व ग्राम प्रधान ने दिलाई। इस मौके पर उरदना प्रधान प्रभात यादव, मदारपुरा प्रधान मौलाना अब्दुल्ला सहित संबंधित गांवों के सचिव व अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध की मौत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- बाइक के पीछे बैठा साथी भी गंभीर रूप से घायल
- बाजारा से खरीदारी कर लौट रहे थे दोनों


सड़क पर पलटा ओवरलोड मौरंग से भरा ट्रक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सोमवार की रात राठ महोबा मार्ग पर गल्ला मंडी के पास तेज रफ्तार एक ट्रैक्टर ने एक बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे एक वृद्ध की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आनन फानन इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया।

मझगवां थाने के कुल्हैंडा गांव निवासी केशव साहू (60) उर्फ दद्दू अपने साथ गांव के हरी सिंह पुत्र छिद्दू को लेकर राठ आया हुआ था। शाम को बाजार से खरीदारी कर गांव लौट रहे थे। रात करीब साढ़े सात बजे राठ महोबा मार्ग पर गल्ला मंडी के आगे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक चला रहे केशव साहू उर्फ दददू की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बाइक पर बैठा उसका साथी हरी सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक केशव साहू उर्फ दद्दू गांव में ही अपने घर में परचून की दुकान किए हुए था। इसके अलावा वह खेती किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक अपने पीछे पत्नी अनुसुइया के अलावा पुत्र भूपेंद्र को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। मृतक केशव साहू उर्फ दद्दू का पुत्र भूपेंद्र राठ नगर पालिका परिषद में आउटसोर्सिंग कर्मचारी है। कोतवाल उमेश कुमार ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### ओवरलोड मौरंग से सड़क पर ट्रक पलटा

**राठ (हमीरपुर)।** मंगलवार की सुबह लगभग 7 बजे जिगनी गांव के पास बह रही धसान नदी के 5 नंबर खदान से एक 22 चक्का ट्रक ओवरलोड मौरंग लादकर आ रहा था। अटगांव के पास ओवरलोड के चलते ट्रक सड़क में धंस गया और पलट गया। ट्रक के पलटने से उसमें सवार सचिन पुत्र अमृतलाल और देवेंद्र कुमार पुत्र जालिम सिंह निवासी मैनपुरी घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस ने इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। गौरतलब है कि इस समय मौरंग का अवैध खनन जोरों पर है। बिना नंबर के ट्रक परिवहन विभाग की मिली भगत से पूरे प्रदेश में संचालित किये जा रहे हैं। ट्रकों के ओवरलोड के चलते सड़कें भी ध्वस्त हो रही हैं। सड़क के धंसने से ग्रामीणों में रोष है।

# अवैध शराब के साथ किया गिरफ्तार

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के गोकुल का डेरा गांव के पास पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर युवक को देशी शराब के 50 अवैध क्वार्टर के साथ गिरफ्तार किया। बाद में उसे निजी मुचलके में रिहा कर दिया। क्षेत्र के गोकुल का डेरा गांव के पास मंगलवार को एक संदिग्ध युवक गांव के बाहर खड़ा था। जिसकी सूचना मुखबिर ने थाना पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। जिसके पास तलाशी के दौरान झोले में 50 अवैध देशी शराब के क्वार्टर लिए हुए था। आरोपी ने अपना नाम महावीर निषाद पुत्र शंकर निषाद निवासी ग्राम गोकुल का डेरा बताया। पुलिस ने दफा 60 का मुकदमा दर्ज कर आरोपी को निजी मुचलके में रिहा कर दिया।

**लापरवाही** नवीन गल्ला मंडी में जिलाधिकारी के अल्टीमेटम के बाद नहीं हो सकी उठान

# ठेकेदारों की उदासीनता से गेहूं खरीद केंद्रों की उठान अटकी

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)


नीलामी चबूतरे में रखा सरकारी खरीद का गेहूं। अमृत विचार


मंडी में की गई सड़क की मरम्मत। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नवीन गल्ला मंडी में संचालित सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों में खरीदा गया गेहूं जिलाधिकारी के अल्टीमेटम के बाद भी नहीं उठ सका है। केंद्र प्रभारी इसके लिए ठेकेदार को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

लोकसभा चुनाव के लिए नवीन गल्ला मंडी को अधिग्रहीत किया गया है। डीएम राहुल पांडे ने 30 अप्रैल तक प्रत्येक दशा में मंडी खाली कराने के निर्देश दिए थे। उनके सख्त रुख को देख आढ़तियों ने मंडी को खाली कर दिया है। लेकिन मंडी के अंदर संचालित गेहूं खरीद केंद्रों की उठान अभी तक नहीं हो सकी है। अभी भी पांच खरीद केंद्रों का दो हजार क्विंटल से अधिक गेहूं मंडी में है। नवीन गल्ला मंडी में पीसीएफ किसान सेवा केंद्र, क्रय विक्रय सहकारी समिति,

- 30 अप्रैल तक प्रत्येक दशा में मंडी खाली कराने के थे निर्देश

विपणन शाखा, मंडी परिषद, एफसीआई नैफेड के केंद्र संचालित हो रहे थे। नैफेड को छोड़कर सभी केंद्रों में खरीद हो रही थी। इसी बीच मंडी खाली करने का आदेश पारित हो गया। लेकिन मंगलवार को मंडी परिषद का 200 क्विंटल, किसान सेवा केंद्र का 740 कुंतल, क्रय विक्रय का 1100 क्विंटल, एफसीआई का 140 क्विंटल तथा विपणन शाखा केंद्र का 20 क्विंटल गेहूं अभी भी गल्ला मंडी के अंदर रखा हुआ है। केंद्र प्रभारियों का आरोप है कि ठेकेदार बार-बार कहने के बावजूद वाहन नहीं दे पा रहा है। इस वजह से खरीदा गया गेहूं नहीं उठ पा रहा है।

### रंगरोगन करके चकाचक किए गए स्ट्रांगरूम

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** मंडी खाली होने के बाद स्ट्रांग रूम सहित अन्य चुनावी कार्यों के लिए अधिग्रहीत की गई दुकानों को रंगरोगन करके चकाचक बनाया जा रहा है। हमीरपुर एवं राठ सुरक्षित विधानसभा सीट के लिए अलग-अलग स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं। दोनों स्ट्रांग रूम के गोदामों को अंदर बाहर रंग रोगन करके चकाचक किया गया है। चुनाव के अन्य कार्यों के लिए अधिग्रहित की गई दुकानों, बरामदों, नीलामी चबूतरों को भी चकाचक किया जा रहा है। इसके अलावा मंडी के अंदर खराब सड़कों की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। मुख्य सड़क की मरम्मत का कार्य पूर्ण हो गया है। अन्य सड़के एक-दो दिन के अंदर चकाचक हो जाएगीं।

# इस साल जनपद के 46 लोग करेंगे हज

संवाददाता, मौदहा(हमीरपुर)

- मदरसा यादगार मोहम्मदी हुसैनी में हज यात्रियों का टीकाकरण व प्रशिक्षण हुआ
- परेशानियों से बचने के लिए उपाय बताए और हज यात्रा के आसान तरीके समझाए



हज के प्रशिक्षण के दौरान जानकारी देते मौलाना। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद से 46 लोग इस वर्ष हज यात्रा में जाएंगे। जिन्हें कस्बा स्थित मदरसा यादगार मोहम्मदी हुसैनी में टीकाकरण के साथ मंगलवार की सुबह हज का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस अवसर पर अस्पताल के चिकित्सक और स्टाफ तथा हज ट्रेनर मौजूद रहे।

बताते चलें की ट्रेनर हाजी मास्टर जहांगीर ने बताया कि इस वर्ष जिले के विभिन्न स्थानों से 46 हज यात्री हज यात्रा को जाएंगे। जिनमें हमीरपुर से दो, मौदहा से 24 तथा राठ क्षेत्र से 20 हज यात्री शामिल है। मंगलवार की सुबह दस बजे से कस्बे के उच्चीकृत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ.सानिद व डॉ.शाहिद तथा फार्मासिस्ट अखिलेश सचान की टीम ने हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ टीकाकरण और यात्रा के दौरान उनको सावधानियां बरतने की सलाह दी है। इस अवसर पर मदरसा हलीम मुस्लिम रहमानिया के अत्ताउर्रहमान मौलाना ने अपने संबोधन में बताया कि उक्त टीकाकरण हज यात्रियों के लिए भी आवश्यक है ताकि यात्रा के दौरान थकान महसूस न करें और बीमार न हो। जिसमें यात्रा सकुशल संपन्न हो सकें। इस अवसर पर ट्रेनर्स हाजी जहांगीर व बांदा से आए गुलाम मुस्तफा साहब ने हज के दौरान तमाम परेशानियों से बचने के लिए उनके उपाय बताएं और हज यात्रा के आसान तरीका समझाएं व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मदरसा के प्रधानाचार्य नसीम आलम व उनका स्टाफ रहा।

# रंगोली-मेहंदी प्रतियोगिताओं से बता रहे वोट का महत्व

## कम मतदान वाले बूथों में जारी है प्रशासन का जागरुकता अभियान, 33 गांव किए गए चिह्नित , 50 प्रतिशत से कम वोट वाले ऑरेंज जोन में

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** पिछले चुनाव में प्रदेश के औसत से कम मतदान वाले बूथों में प्रशासन व ग्राम विकास विभाग ने मतदाताओं को जागरूक करने में पूरी ताकत झोंक दी है। क्षेत्र के ऑरेंज व रेड जोन घोषित गांव में रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन तथा बुजुर्ग मतदाताओं का सम्मान तथा मतदाता जागरूक रैली निकाली गई।

विकासखंड क्षेत्र में प्रदेश के औसत मतदान से कम मतदान वाले 33 गांव चिन्हित हैं। जिसमें 50 फ़ीसदी से कम मतदान वाले ऑरेंज जोन में जिटकरी, इछौरा, मगरौल, करियारी, इंदरपुरा सहित 23 गांव सम्मिलित है। जबकि रेड जोन में कुपरा, ममना, जरिया, बीलपुर, पुरैनी सहित 10 गांव शामिल है। इन गांवों में मतदान का औसत बढ़ाने के लिए प्रशासन व ग्राम विकास पूरी ताकत लगाए हुए हैं। खंड विकास अधिकारी दिव्या त्रिपाठी के निर्देशन में ग्राम पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी, आशा, पंचायत सहायक सहित ग्राम स्तरीय कर्मचारियों ने सभी 33 गांव में चित्रकला वह मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया। मतदाता जागरूक रैली निकालकर अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया। खंड विकास अधिकारी दिव्या त्रिपाठी ने बताया कि इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य मतदान का प्रतिशत बढाना है।निष्पक्ष व निर्भीक होकर मतदान के लिए प्रेरित करना है। उधर नायब तहसीलदार राममोहन कुशवाहा ने क्षेत्र के जिटकरी गांव में स्कूली बच्चों संग रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक कर मतदान के लिए प्रेरित किया है। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी राम मनोहर सोनी सचिव श्याम सुंदर, राधेश्याम, विनय यादव, गगन सोनी, सुरेश कुमार मुकेश, आनंद, कुलदीप सहित संबंधित सचिव, पंचायत सहायक सहित ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे।


मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। अमृत विचार


मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करती बीडीओ दिव्या त्रिपाठी। अमृत विचार

### जागो-जागो हे मतदाता, तुम भारत के भाग्यविधाता

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय के निर्देशन पर मंगलवार को बरुआ इंगोहटा में मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ डिप्टी कलेक्टर/ प्रभारी बीडीओ शांतुन कुमार सिनसिनवार ने किया। साथ ही चन्दपुरवा में टोली गीत, बांकी में पैदल मार्च, नदेहरा में मनरेगा कार्य स्थल में शपथ, सुरौली में मतदाता जागरूकता अभियान, सौंखर में रैली, जलाला, पचखुरा खुर्द, बदनपुर में मनरेगा कार्यस्थलों पर शपथ दिलाकर मतदाताओं को जागरूक किया। टिकरौली, सहित अन्य गांवों में मेहंदी प्रतियोगिता व हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। उन्होंने रैली के साथ भ्रमण कर बुजुर्ग मतदाताओं को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया और मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक किया। रैली में शामिल महिलाओं व पुरुषों ने मतदान बढ़ाने के लिए लोकतंत्र हो तभी महान, सब करें जहां मतदान। वोट हमारा है अनमोल, कभी न लेंगे इसका मोल, जागो जागो हे मतदाता, तुम भारत के भाग्य विधाता। वोट डालने जाना है,बीस मई को जाना है नारे लिखी तख्तियां लेकर भ्रमण किया।

## सार-संक्षेप

### सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी गई विदाई


सेवानिवृत्ति पर सम्मानित करते एसपी। अमृत विचार

**उरई।** 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मचारियों के सम्मान में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया, पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त कर्मियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाए दीं। पुलिस लाइन सभागार में आयोजित विदाई समारोह में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर उपनिरीक्षक एहसान उलहक और फायर मैन जमुनादास आज सेवानिवृत्त हुए जिनके सम्मान में आयोजित विदाई समारोह में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल की भूरि भूरि सराहना की, पुलिस अधीक्षक इरज रजा ने गुलदस्ता भेंट कर वृद्धावस्था सुख और चैन से गुजरे इसकी प्रार्थना ईश्वर से की।


सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर-वधू को आशीर्वाद देते समिति के पदाधिकारी।

### 10 जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे की गायत्री तपोभूमि में जय बुंदेलखंड किसान हितैषी सेवा समिति ने सर्वजातीय कन्या विवाह सम्मेलन का आयोजन कराया गया। जिसमें 10 जोड़ों की शादियां संपन्न कराई गई। समिति के अध्यक्ष कार्यक्रम संयोजक मनीष राणा ने बताया कि इस विवाह सम्मेलन में आरती देवी-जयकिशन, राधा-मुकेश, रजनी-दिवस कुमार, प्रांजल देवी-हरिशंकर, सोना देवी-संतोष, लक्ष्मी-कुलदीप, खुशी-विनोद, संध्या-साकेत कुमार, प्रीति देवी-अरविंद कुमार, निशा देवी-मनीष कुमार ने एक दूसरे को वरमाला पहनाकर जीवनसाथी चुना है। समिति की ओर से सभी वर वधुओं को गृहस्थी का सामान आदि देकर विदा किया गया।


बस स्टैंड के बाहर बसें खड़ी होने से लगा जाम।

### स्टैंड के बाहर बसें खड़ी होने से लगता सारा दिन जाम

**राठ (हमीरपुर)।** रोडवेज बस स्टैंड के बाहर चालकों द्वारा रोडवेज की आड़ी तिरछी बसें खड़ी करने से सारा दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। ट्रफिक पुलिस भी रोडवेज चालकों से सड़क पर बसें हटाने में असहाय बनी है। बस स्टैंड के बाहर घंटों सारा दिन जाम की स्थिति पैदा होने के कारण राहगीरों का इस भीषण गर्मी में बुरा हाल हो जाता है। गौरतलब है कि रोडवेज बस स्टैंड के अंदर काफी बडा मैदान हैं। जहां पर विभिन्न रूटों के लिए बसों का संचालन होता हैं। लेकिन रोडवेज के कुछ चालक बसों को बस स्टैंड के बाहर सड़क पर खड़ा कर देते हैं। जिससे सारा दिन जाम की समस्या बनी रहती है। मंगलवार की दोपहर भीषण चिलचिलाती धूप में रोडवेज की तीन बसें बस स्टैंड के बाहर आडी तिरछी खड़ी कर दी गई। जिससे बस स्टैंड के बार वाहनों की लंबी लाइन लग गई। काफी देर तक जाम की स्थिति पैदा बनी रही। लोगों का कहना था कि जब बसों के चालकों को बसें अंदर खड़ी करने के लिए कहा जाता है तो लड़ने पर आमादा हो जाते हैं। मंगलवार को करीब आधा घंटे तक रोडवेज बस स्टैंड के सामने मुख्य मार्ग पर जाम लगा रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### आज दस से शाम पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर में जर्जर बिजली के तार बदलने के क्रम में आगामी 1 मई को नगर के प्रथम 33 के बी के लाइन के विद्युत उपकेंद्र व द्वितीय विद्युत उपकेंद्र से संबंधित तहसील मौदहा के नगर व ग्रामीण क्षेत्र प्रात: 10 :00 बजे से शाम 5 :00 बजे तक विद्युत आपूर्ति नहीं हो सकेगी यह जानकारी उपखंड अधिकारी राकेश कुमार ने दी उन्होंने लोगों से अपील की है कि बिजली लाइनों के सुधार के लिए नए तार बदलने के कार्य में सहयोग करें।

### महिला चिकित्सक के छुट्टी पर जाने से मरीज हलकान

**जालौन।** एक महीने से महिला चिकित्सक न होने से नगर तथा क्षेत्र की महिला मरीजों को तथा उनके तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल जाना पड़ता है या फिर प्राइवेट महिला चिकित्सक का सहारा लेना पड़ता है जिससे उनकी जेब पर बोझ पड़ रहा है। क्षेत्रीय तथा नगर वासियों ने जब तक महिला चिकित्सक छुट्टी पर है तब तक कोई महिला चिकित्सक की अस्थाई तैनाती किए जाने की मांग मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला चिकित्सक डॉक्टर गरिमा सिंह महत्वपूर्ण कार्य के चलते एक माह से अवकाश पर हैं उनके अवकाश पर होने से अस्पताल में कोई भी महिला चिकित्सक न होने से महिला मरीजों तथा उनके तीमारदारों को इलाज के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। तहसील क्षेत्र का एरिया इतना बड़ा है कि मरीज 50-50 किलोमीटर की दूरी से अस्पताल में आकर महिला मरीजों का इलाज कराते हैं। महिला मरीजों को महिला चिकित्सक न होने पर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुठौंद क्षेत्र से आई महिला मरीज रश्मि देवी मालती देवी बंगरा माधवगढ़ से सुनीता देवी रानी देवी खंनुवा से राम कुमारी कैशकली, कैथ से आराधना मालती देवी आदि ने बताया कि जालौन अस्पताल में आकर पता चला कि महिला डॉक्टर छुट्टी पर हैं।

## एक नजर

### किशोरी को भगाने के आरोपी को किया गिरफ्तार

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बे के बेरी तिराहे के पास पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने जीजा के यहां रह रही साली को गांव का ही युवक साजिद पुत्र मुमताज बहला फुसलाकर कर ले गया था। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार को कस्बे के बेरी तिराहे के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

### चोरों ने दो घरों से जेवरात किए पार

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के खरौंज गांव में सोमवार की रात चोरों ने दो घरों में सोने चांदी के जेवरात चोरी करके ले गए। पीड़ित ने चोरों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के खरौंज गांव निवासी जगमोहन पुत्र श्याम लाल ने दी तहरीर में बताया कि सोमवार की रात चोरों ने मेरे व भाई के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बताया कि मेरे घर से सोने की अंगूठी, मंगलसूत्र, चैन, पायले आदि चोर चोरी कर ले गए। जिसकी कीमत करीब एक लाख रुपये से अधिक है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चोरों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दो युवतियों को बहला कर ले जाने का आरोप

**जालौन।** कोतवाली क्षेत्र से अलग-अलग स्थान से दो युवक दो युवतियों को बहला फुसला कर भगा ले गए। पीड़ित परिजनों ने मामले की तहरीर पुलिस में दी है। नगर के एक मोहल्ला से एक युवती को कुछ युवकों द्वारा बहला फुसला कर भाग ले जाने की शिकायत पीड़ित पिता ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ दर्ज कराते हुए तहरीर दी। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया जिसमें पुलिस ने अमन कुशवाहा ,मयंक ,मानसी ,सुबरन कुशवाहा तथा उसकी पत्नी निवासी छानी समेत आधा दर्जन के खिलाफ मामला दर्ज कराया। वहीं पुलिस ने एक गांव से एक युवती को भगा ले जाने के आरोप में अनिल उर्फ प्रदीप तथा रमेश निवासी अमखेड़ा के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# गुमटी गुरुद्वारे से 4 को शाम 6 बजे से मोदी का रोड शो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पार्षदों को भीड़ लाने की सौंपी गई जिम्मेदारी, 42 ब्लॉकों में खड़े होंगे भाजपा कार्यकर्ता

**अमृत विचार।** 4 मई को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो शाम 6 बजे गुमटी गुरुद्वारे से शुरू होगा जो गुरुद्वारे से गुमटी बाजार और संतनगर चौराहा पहुंचेगा और कालपी रोड फजलगंज तक जाएगा। रोड शो कुल 11 गलियों के सामने से गुजरेगा। रोड शो में 4 विधानसभाएं शामिल की गई हैं। हर विधानसभा के पार्षदों को एक-एक गली की जिम्मेदारी सौंपी गई है। रूट में 42 ब्लॉक बनेंगे जिसमें भाजपा कार्यकर्ता और नेता नजर आयेंगे।

कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने मंगलवार को होटल सेलिब्रेशन में तैयारी बैठक की। रोड शो के प्रभारी व प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी और महापौर प्रमिला पांडेय की उपस्थिति में हुई बैठक में शहर के सभी भाजपा पार्षद मौजूद रहे।

प्रकाश पाल ने कहा कि रोड शो में शामिल होने के लिए भाजपाई पीले चावल बांटकर लोगों को आमंत्रित करेंगे। भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी भी इन्हीं पार्षदों को होगी। प्रत्येक पार्षद को पांच सौ की भीड़ साथ लाने का टारगेट दिया गया है। रोड शो में करीब दो लाख लोगों को एकत्र करने की तैयारी है।

## खुदकुशी के मामले में कार्रवाई की मांग

**मौदहा(हमीरपुर)।** राठ क्षेत्र में दबंगों द्वारा एक युवक को आत्महत्या करने को मजबूर करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी व उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग ब्रह्म संस्कार एवं कल्याण समिति ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भेज कर की है।

थाना क्षेत्र मझगवां के ग्राम बरेल निवासी छोटू तिवारी ने गांव के दबंगों से आजिज आकर आत्महत्या कर ली थी। जिसका उसने वीडियो सोशल मीडिया में भी साझा किया था। जिस पर मझगवां पुलिस ने दबंगों के खिलाफ मामला तो दर्ज कर लिया। लेकिन किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की है। इसमिति ने एक बैठक कर इस घटना की घोर निंदा की।

# शिक्षक भर्ती घोटाले में दो कर्मचारी निलंबित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लापरवाही बरतने और सत्यापन न करने का आरोप

**अमृत विचार।** शिक्षा विभाग के फर्जी शिक्षक भर्ती घोटाले में मंगलवार को शिक्षा विभाग के दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया। दोनों पर प्रथम दृष्टया कार्य में लापरवाही बरतने और फर्जी ई-मेल के जरिये आए पैनल में शामिल शिक्षकों के अभिलेखों के सत्यापन न करने का दोषी पाया गया है। विभाग की ओर से 9 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है।

शिक्षा विभाग ने प्रधान सहायक राजन टंडन और वरिष्ठ लिपिक सुनील कुमार को सस्पेंड कर दिया है। दोनों लिपिकों को अपने कार्य को सही तरीके से न करने का आरोप है। उन्होंने फर्जी ई-मेल में शामिल पैनल में शिक्षकों के अभिलेखों का ठीक से सत्यापन नहीं किया। डीईओएस अरण कुमार ने कहा कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। दोनों कर्मचारियों को दोषी पाए जाने पर निलंबित किया गया है। इस घोटाले में शिक्षा विभाग की ओर से सोमवार को नौ आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है। आरोपियों में अरविंद सिंह, स्वाती, अशीष कुमार, नितिन कुमार, ज्योति यादव, विनय सिंह, विनीता देवी, रिक्षा पाण्डेय व विनीत चौधरी के नाम शामिल हैं।

## चोरों ने सूने घर से पार किए 70 हजार नकद व जेवर

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के स्टेशन मार्ग गफूराबाद में सूने घर में चोरों ने 70 हजार रुपये नगदी सहित लाखों के गहनों की चोरी कर ली। महिला परिवार के साथ रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने गई थी। वह देखरेख को लेकर पड़ोसन को घर की चाबी दे गई थी। पीड़िता ने पड़ोसन द्वारा सही जवाब न देने पर उस पर आशंका जता कोतवाली में तहरीर दी है।

गफूराबाद मोहल्ले की महालक्ष्मी पत्नी संतलाल ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बीते 28 अप्रैल को वह परिवार सहित एक शादी समारोह में सम्मिलित होने गई थी। घर की चाबी पड़ोसन रामदेवी को दे गई थी। मंगलवार को सुबह वापस आई तो घर के अंदर सामान अस्त-व्यस्त देखा तो सामान की देखरेख पड़ताल शुरू की, तो बक्से में रखे सोने चांदी के आभूषणों में मंगलसूत्र, वाले, बेसर, पायल, बिछुआ सहित 30 हजार रुपये नगदी गायब थे। जिसमें लगभग डेढ़ लाख रुपये की क्षति पहुंची है।

# गर्मी में पशुओं को लू के प्रकोप से बचाया जाए

कार्यालय संवाददाता उरई

- दुधारू पशुओं के दूध में नहीं आने पाएगी कमी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि गर्मी तेजी से बढ़ रही है इसलिए सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गर्मी बढ़ने पर शरीर में पानी की कमी हो सकती है। पानी शरीर का एक महत्वपूर्ण तत्व है। शरीर में 65 प्रतिशत के करीब पानी होता है। शरीर के खून में 80 प्रतिशत पानी होता है। अतः शरीर में पानी की कमी होने पर शरीर की क्रियाएं शिथिल पड़ जाती हैं। इससे अत्यधिक कमजोरी महसूस होती है। भूख में कमी आती है। दुधारू पशुओं का दूध कम हो जाता है। पशुओं में स्ट्रेस स्तर बढ़ता है जिससे प्रतिरोधक क्षमता में कमी आती है। पशु पक्षियों को बुखार हो जाता है। समय पर पानी की पूर्ति न होने पर पशु निढाल हो जाता है और मृत्यु भी हो सकती है। इसलिए गर्मी से बचाव की व्यवस्था करना बहुत ही महत्वपूर्ण बिंदु है। उन्होंने कहा कि गर्मी के समय आपको क्या सावधानी रखनी है यह प्रत्येक पशुपालक और आम व्यक्ति को इसकी जानकारी होनी चाहिए। पक्षियों के लिए छत पर पानी की व्यवस्था कर सकते हैं। जो भी पानी रखें उसको आप समय-समय पर बदलते रहे और पानी को छायादार स्थान पर ही रखें। भार ढोने वाले या काम करने वाले पशुओं को गर्मी के समय 12 बजे से 3 तक अवश्य आराम दें। 37 डिग्री से अधिक तापमान होने पर इस नियमों का पालन अवश्य करें अन्यथा पशुओं के प्रति क्रूरता का अपराध माना जाएगा। अपने पालतू पशुओं को दिन में 02 बार जरूर नहलाएं। छायादार स्थान पर ही रखें। गर्म हवा के सीधे संपर्क में आने से रोकने के लिए पर्दे लगाए। पालतू पशुओं को नियमित रूप से नमक संतुलित पशु आहार मिनरल मिक्सर प्रति दिन दें। इससे दुधारू पशुओं के दूध में कमी नहीं आएगी। पशुओं में स्ट्रेस नहीं होगा। पशुओं के प्रति दया का भाव रखते हुए गर्मी और लू से बचाने के उपायों को खुद करें और अन्य व्यक्तियों को जागरूक कर प्रेरित करें।

## पेयजल संकट का समाधान हुआ

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** पेयजल संकट से जूझ रहे वार्ड संख्या 7 के लोगों की शिकायत पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने सरकारी हैंडपंप में सबमर्सिबल लगवाकर समस्या का समाधान कराया है। इससे लोगों में हर्ष व्याप्त है। सुरेन्द्र दत्त बाजपेई आदि ने चेयरमैन को समस्या की जानकारी दी थी।

# मार्ग निर्माण में घटिया कार्य का आरोप

**कालपी (जालौन)।** कालपी-मंगरौल संपर्क मार्ग में व्यास मंदिर से मंगरौल तक बिछी सड़क में रिपेयरिंग व डामरीकरण का कार्य प्रगति पर है। ग्राम कीरतपुर के ग्राम प्रधान पवनदीप निषाद ने आरोप लगाया है कि उक्त डामरीकरण में डामर एवं गिट्टी व केमिकल मानक के अनुसार नहीं डाला गया है। गुणवत्तापूर्ण कार्य ना किये जाने से सड़क से गिट्टी उखड़ रही है। ग्राम प्रधान को ग्रामवासियों ने उक्त प्रकरण की जानकारी दी तब उन्होंने मौके पर जाकर मुआयना किया।

प्रधान पवनदीप के मुताबिक जेई राजकुमार मौके पर नहीं थे व लेबर के बलबूते पर काम कराया जा रहा था। पीडब्ल्यूडी के जेई राजकुमार से प्रधान पवनदीप निषाद ने फोन पर शिकायत की तो उन्होंने ठेकेदार का पक्ष लेते हुए सड़क सही बनाने की बात की और मौके का निरीक्षण किया। वहीं ग्राम प्रधान पवनदीप निषाद ने बताया कि फोन पर ठेकेदार को घटिया डामरीकरण की जानकारी दी तो ठेकेदार ने अजीबोगरीब बात करते हुए कहा कि मैं विधायक का भतीजा हूँ व कम बजट का काम है मुझे लीपापोती करने का ही ठेका दिया गया है।

**मतदान कराने की तैयारी** | बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने दिए निर्देश, मतदाता को फोन कर कंट्रोल रूम करेगा सत्यापन

# पर्ची देते समय मतदाता की फोटो भी खींचें बीएलओ

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तुलसी स्मारक सभागार में मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने बूथ लेवल अधिकारियों के साथ बैठक की। अधिकारियों ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए घर-घर जाकर मतदाता पर्ची देने के निर्देश दिए। सीडीओ ने कहा कि मतदाता पर्ची देते समय बीएलओ मतदाता की फ़ोटो भी खींचें।

एसडीएम ने इस दौरान कर्मचारियों की ड्यूटी के संबंध में जानकारी दी। बताया कि दोनों विधानसभा क्षेत्रों में 197 बीएलओ को रजिस्टरों का वितरण किया गया है।

चुनावी दायित्व में कोताही बरतने वाले कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बीएलओ के रजिस्टर में अंकित मतदाता के फोन नंबर को कंट्रोल रूम के माध्यम से सत्यापित कराया जाएगा। यदि किसी भी मतदाता द्वारा पर्ची न प्राप्त होने की शिकायत मिलेगी तो कार्रवाई तय है। एसडीएम ने बताया कि मऊ-मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र में 53 व कर्वी विधानसभा क्षेत्र में 144 बूथों पर कुल 197 बूथ लेवल अधिकारी के अलावा 17 सुपरवाइजर लगाए गए हैं।



बीएलओ को संबोधित करतीं सीडीओ अमृतपाल कौर, साथ में एसडीएम। अमृत विचार


बैठक में मौजूद बूथ लेवल ऑफीसर। अमृत विचार

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**सरीला (हमीरपुर)।** मौदहा थाना क्षेत्र के छिमौली गांव निवासी कमल सिंह उर्फ मलखान (35) पुत्र रामेश्वर बाइक से अपनी बहन तिरही गांव के यहां गये थे। वहां से वापस घर जा रहे थे। तभी जलालपुर और धौहल मार्ग पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर जलालपुर थाना पुलिस पहुंच गयी। एंबुलेंस से सीएचसी भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

मृतक के छोटे भाई भारत यादव ने बताया कि मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। वह खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था। थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# ट्रक की टक्कर से टेंपो सवार आधा दर्जन घायल, दो गंभीर

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- दुर्घटना से गुस्साए ग्रामीणों व राहगीरों ने ट्रक चालक को जमकर पीटा

**अमृत विचार।** झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में ग्राम में नहदौरा के पास गिट्टी लेने कबरई आ रहे एक ट्रक ने टेंपो में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर से टेंपो में सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जबकि दो यात्रियों को गंभीर चोटें आने पर उन्हें जिला अस्पताल महोबा में भर्ती कराया गया। इस घटना से गुस्साए ग्रामीण और राहगीरों ने ट्रक चालक की जमकर धुनाई की और पुलिस के हवाले कर दिया। घायलों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर दो लोगों का उपचार चल रहा है। अन्य चार लोगों को मामूली चोटे आने पर उनकी छुट्टी कर दी गई।

मंगलवार को थाना कबरई के ग्राम रिवई से टेंपो सवारी लेकर कबरई आ रहा था तभी नहदौरा गांव के पास बांदा की तरफ से कबरई जा रहे ट्रक ने पीछे से टेंपो में टक्कर मार दी। जिससे टेंपो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। टेंपो में सबसे पीछे बैठे आकाश 22 पुत्र सूरज निवासी रिवाई रोहित 18 पुत्र मुन्ना निवासी मठौंध जिला बांदा को गंभीर चोटे आई। गंभीर रूप से घायल दोनों यात्रियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों व राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई थी।

# आयुक्त और डीआईजी ने मतदान केंद्रों की परखी हकीकत

## सामान्य और क्रिटिकल मतदान केंद्र, सीआरपीएफ के ठहरने वाले स्थलों पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के आदेश

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** मंडलायुक्त झांसी मंडल झांसी विमल कुमार दुबे व पुलिस उप महानिरीक्षक कलानिधि नैथानी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी सम्पन्न कराये जाने हेतु सामान्य और क्रिटिकल मतदान केन्द्र एवं सीआरपीएफ फोर्स के ठहरने वाले स्थल व मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कृष्ण इंटर कालेज पिरौना (होमगार्ड हेतु), मां शारदा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हाईवे रोड बिलायां (पुलिस हेतु), विनायक एकेडमी कुठौन्दा रोड उरई (सीआरपीएफ हेतु), लाला आलोपीदीन कालेज आफ टीचर ऐजुकेशन ग्राम कुठौन्दा (सीआरपीएफ हेतु) में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल ठहरने के व्यवस्थाओं को जायजा लिया। इसके उपरान्त कृषि उत्पादन समिति मण्डी एट, गांधी इण्टर कालेज उरई, राजकीय बालिका इण्टर कालेज उरई, टाउनहॉल उरई, नगर पालिका परिषद उरई, ठाकुर महेन्द्र सिंह पब्लिक स्कूल उरई मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर जायजा लिया और ब्यावस्थाए देखी, मतदान केन्द्रों पर पेयजल, विद्युत, फर्नीचर, छाया, साफ-सफाई, शौचालय, रैम्प आदि व्यवस्थायें चाक-चैबन्द मिली।

उन्होंने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं हेतु बूथों पर बनाए गए रैम्प का निर्माण मानक के अनुरूप कराया जाये जिससे दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं को मतदान करने में कोई असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि मतदान वाले दिन किसी समस्या के समाधान हेतु उपलब्ध सम्पर्क नम्बरों की सूची का वॉल पेंटिंग कराया जाये। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये समय से सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। पुलिस उप महानिरीक्षक ने सभी अंतर्जनपदीय/अंतर्राज्जीय बैरियरों व जनपद में स्थापित आन्तरिक बैरियरों पर नियुक्त एफएसटी/एसएसटी टीमों के द्वारा नियमित चेकिंग कर अवैध शराब/अवैध नकदी आदि की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने क्रिटिकल व बल्नेरबल मतदान केन्द्रों में उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी पर्याप्त पुलिस बल व सीआरपीएफ के साथ एरिया डोमिनेशन तथा फ्लैग मार्च के दौरान पी. ए. सिस्टम व लाउड हिलर से लोगों को भयमुक्त व निर्भीक होकर शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिये, ड्रोन कैमरों के माध्यम से क्षेत्र में सघन निगरानी कराकर चुनाव के दौरान गड़बड़ी फैलाने वाले लोगो पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, अपर पुलिस अधीक्षक असीम चैधरी, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



निरीक्षण करने जाते मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे व डीआईजी कलानिधि नैथानी।



पोलिंग बूथों का निरीक्षण करते एसडीएम।

### मतदान केंद्रों पर पानी, बिजली शौचालय व रैंप की व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश

**कालपी (जालौन)।** लोकसभा चुनाव-2024 की व्यवस्थाओं में कोई कमी न रहने पाये इसलिये सब कुछ बेहतर बनाने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा इंतजाम किये जा रहे हैं। इसी को दृष्टिगत रखते हुये मंगलवार को उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल ने कई गांवों में घूम-घूमकर पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि पोलिंग बूथों में मतदाताओं की सुविधाओं के लिए व्यवस्थाएं दुरुस्त रहनी चाहिए। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश के अनुरूप उपजिलाधिकारी ने महेवा बिकास खंड के तमाम ग्रामों के उरकरा कला, पड़री, नरहान, मगरौल, आदि स्थानों के पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने जिम्मेदारों को हिदायत दी कि पोलिंग बूथों बिजली, पानी, सफाई, रोशनी तथा रैंम्प की पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिये। पोलिंग बूथ के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के मुताबिक पोलिंग बूथों में उचित व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि सभी पोलिंग बूथों मे मतदाताओं की सुविधाओं की किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। अधिकरियों को निरीक्षण के दौरान पोलिंग बूथों यानी विद्यालयों में शिक्षक मौजूद मिले तरे एसडीएम ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये मतदाता जागरुकता अभियान भी चलायें।

# लंबी दूरी की ट्रेनों का कालपी में स्टापेज की किसी ने नहीं ली सुधि

संवाददाता कालपी(जालौन)



स्टेशन पर खड़ी ट्रेन। अमृत विचार

- यात्रियों को अभी उरई या पुखरायां जाकर गाड़ियों को पकड़ना पड़ता है
- मतदाताओं में इस मुद्दे को लेकर हो रही चर्चा, प्रत्याशियों से गुहार लगाने की हो रही बात

**अमृत विचार।** इलाकाई यात्रियों की सुविधाओं के लिये कई दशकों से कालपी रेलवे स्टेशन में लंबी दूरी की ट्रेनों के ठहराव की मांग हमेशा बेअसर होकर रह जाती है। जबकि समीप के पुखरायां तथा उरई रेलवे स्टेशनों में तमाम गाड़ियों के स्टॉपेज हैं। अब इस समस्या को लेकर मतदाताओं के बीच जमकर चर्चा हो रही है।

जानकार लोग बताते हैं कि ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी के रूप में चर्चित कालपी रेलवे स्टेशन में लंबी दूरी की ट्रेनों के ठहराव के लिए क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा लंबे अरसे से मांग उठाई जाती रही है। ढाई दशक पहले झांसी लखनऊ के बीच इंटरसिटी ट्रेन चलाई गई थी। प्रारम्भ में इस ट्रेन का ठहराव कालपी में नहीं किया गया था। स्थानीय नागरिकों के द्वारा जब आन्दोलन चलाया गया था, तब इंटरसिटी ट्रेन का कालपी में ठहराव किया गया था। तमाम विधायक, सांसद तथा मंत्री तक का ओहदा पा चुके हैं। लम्बी दूरी की ट्रेनों का स्टापेज कराने के मामले को लेकर नागरिकों के द्वारा उठाने के बावजूद जनप्रतिनिधियों की ओर से केवल कोरे आश्वासन मिले, लेकिन मांग पूरी नहीं हो सकी।

दक्षिण भारत को जाने वाले यात्रियों को मजबूरी बस उरई, पुखरायां या कानपुर स्टेशन पहुंचकर ट्रेन में चढ़ना या उतरना पड़ता है। इससे समय व धन दोनों की बर्बादी होती है। उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष रविंद्र नाथ गुप्ता ने बताया कि ऐसी कोई ट्रेन का ठहराव कालपी में नहीं होता है, जो मंडल मुख्यालय झांसी या प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सुबह 10 बजे पहुंच सके। जबकि कई ट्रेनें कालपी रेलवे स्टेशन से बिना स्टापेज के फर्राटा भरते हुए निकल जाती हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता अपूर्व शरद श्रीवास्तव ने बताया कि कालपी रेलवे स्टेशन में लंबी दूरी की ट्रेनों का ठहराव कराया जाना बहुत जरूरी है।

प्रमुख व्यवसायी परवेज कुरैशी ने कहा कि जनहित में ट्रेन के ठहराव के लिए उचित कदम उठाए जाने की जरूरत है। रेलवे स्टेशन कालपी में अपनी यात्रा के लिये गाड़ी की प्रतीक्षा कर रहे कमलेश, रामकुमार, कल्लू खान, हाजी अहसान आदि में चर्चा करते हुए लम्बी दूरी की ट्रेनों का कालपी में ठहराव करने की इच्छा जताई।

# तेज रफ्तार टेंपो पलटने से एक की मौत, पांच घायल

संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** जालौन से उरई सवारी लेकर जा रहा तेज रफ्तार टेंपो डिवाइडर से टकराने पर पलट गया। उसमें बैठी आधा दर्जन सवारी गंभीर रूप से घायल हो गईं वहीं एक सवारी की मौके पर मौत गई। राहगीरों की मदद से घायल सवारियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर उनका इलाज किया गया।

सुबह तकरीबन 7:00 बजे जालौन से कुछ लोग उरई जा रहे थे जो देवनगर चौराहे पर किसी सवारी का इंतजार कर रहे थे उसी समय एक टेम्पो चालक आया और उसने सभी आधा दर्जन से अधिक सवारियों को टेंपो में बैठकर उरई की ओर चल दिया। टेंपो चालक ने अपनी टेंपो तेज रफ्तार से चलाई जिस पर कुछ सवारियों ने इसका विरोध किया लेकिन वह चालक नहीं माना। तेज रफ्तार होने से वह अपना नियंत्रण खो बैठा और अकोदी दुबे के पास बने डिवाइडर से जा टकराया। डिवाइडर से टेंपो टकराने से वह पलट गया और उसमें बैठी सवारी प्रवीण कुमार निवासी सहाव उम्र 35 वर्ष की टेंपो से दब जाने पर मौत हो गई तो वहीं कानपुर देहात के इरफान, राहुल, मनोज, अबरार आदि गंभीर रूप से घायल हो गए।

राहगीरों ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने में मदद की तो वहीं पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पंचनामा पर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# बेटे ने ही पिता को उतारा था मौत के घाट



पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी बेटा रामआसरे। अमृत विचार



घटनास्थल पर जांच करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

### परशुराम हत्याकांड

- भूमि बेचने पर मिले रुपयों को लेकर पिता पुत्र में हुआ था विवाद

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** विगत 29 अप्रैल की रात जिला मुख्यालय उरई के अजनारी रोड स्थित फार्म हाउस में कामरेड परशुराम कुशवाहा की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। अब हत्या में उनका अपना बेटा ही हत्यारा निकला।

**जमीन के लालच में दिया था घटना को अंजाम :** आरोपी पुत्र रामासरे को शक की बिना पर पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की, पहले तो हत्यारा बेटा पुलिस को भ्रमित करता रहा, मगर कड़ाई से पूछताछ करने पर रामआसरे ने अपना गुनाह कबूल कर लिया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अजनारी में घर के अंदर सीपीएम नेता की धारदार हथियार से हत्या करने वाला हत्यारा मृतक का पुत्र ही निकला, जिसने पुलिस को बताया कि वह सगे तीन भाई है, बड़ा भाई महेंद्र व छोटा भाई विवेक है, वह यानी हत्यारा मंझला राम आसरे है, पिता की हत्या का मुकदमा मृतक के बड़े लड़के महेंद्र ने अज्ञात हत्यारे के नाम पर दर्ज कराया था हत्यारे रामआसरे ने बताया की उनके पिता मृतक परशुराम के नाम झांसी हाईवे में बेशकीमती 30 बीघा जमीन थी, पिता ने पिछले दिनों उसी जमीन में से 4 बीघा जमीन सवा करोड़ में बेच दी थी, जिसमें मेरे हिस्से की रकम पिता परशुराम नहीं दे रहे थे, इसी को लेकर 29 अप्रैल की रात शराब के नशे में लोहे की रॉड से हमला कर पिता की हत्या कर दी। पुलिस ने रामआसरे की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लोहे की राड बरामद कर ली है।



निर्माणाधीन ओवरब्रिज। अमृत विचार

### रेलवे क्रॉसिंग के ओवरब्रिज का निर्माण जल्द पूरा होने की उम्मीद

**कालपी (जालौन)।** पिछले 8 वर्षों से धीमी गति से 33 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन ओवरब्रिज का कार्य मई माह के अंतिम पखवारे में पूरा हो जाएगा। निर्माण कार्य को लेकर क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी को कार्यदाई संस्था के इंजीनियरों के द्वारा जल्द ही एक साइड के ओवरब्रिज को पूरा करने का आश्वासन दिया था। विदित हो कि वित्तीय वर्ष 2017-18 में कार्यदायी संस्थाओं रेलवे विकास निगम लिमिटेड तथा उ.प्र. राज्य सेतु निगम के द्वारा जोल्हूपुर रेलवे क्रासिंग में काम शुरू कराया गया था। प्रारम्भ से ही निर्माण कार्य बहुत ही धीमी गति से चलता रहा। कार्य में गतिशीलता लाने के लिए समय-समय पर मंडल कमिश्नर, जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी एवं अन्य उच्चाधिकारी मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते रहे हैं। निर्माण कार्य की वजह से कई महीनों से भारी वाहनों का आवागमन भी बंद हैं। पिछले सप्ताह क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने भी ग्रामीणों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। विधायक ने राज्य सेतु निगम लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर मुकेश कुमार तथा अवर अभियंता आरके सचान से धीमी गति से कार्य किये जाने पर नाराजगी जाहिर की थी। अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि ओवरब्रिज के टू लेन का काम मई के आखिरी सप्ताह में पूरा कर लिया जाएगा तथा गाड़ियों का आवागमन भी शुरू हो जाएगा।

# व्यापारियों की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

कार्यालय संवाददाता जालौन

- आरोपियों के खिलाफ एक करोड़ 49 लाख का भुगतान न करने की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** पुलिस ने व्यापारियों की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी करने का मुक़दमा दर्ज किया।

मोहल्ला पुरानीहाट निवासी प्रेमदास गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देते हुये बताया था कि उनकी नवीन गल्ला मंडी में मां सिंह वाहिनी एंड कंपनी के नाम से एक फर्म हैं। जिसके माध्यम से वह विभिन्न फसलों की खरीद फरोख्त करते हैं। मंडी के व्यापारियों को गेहूं बेचना था इसके लिए झांसी के कमीशन एजेंट अनिल अग्रवाल ने व्यापारियों से संपर्क किया और बताया कि झांसी की फर्म आरवी ट्रेडिंग कंपनी में वह व्यापारियों के गेहूं को बिकवा देंगे। उन्होंने अपनी फर्म से 2099 क्विंटल गेहूं कीमत 51 लाख 93 हजार 20 रुपये, उक्त फर्म को भिजवा दिए। इसी तरह से महेशचंद्र अग्रवाल निवासी पुरानीहाट ने अपनी फर्म मेसर्स गर्ग इंटरप्राइजेज से 1319 क्विंटल गेंहू कीमत 32 लाख 58 हजार 555 रुपये, उक्त फर्म पर भिजवाया। साथ ही मायादेवी गुप्ता निवासी बापूसाहब ने फर्म श्रीहरिक्रपा ट्रेडर्स के माध्यम से 2618 क्विंटल गेहूं कीमत 64 लाख 65 हजार 216 रुपये, उसी फर्म के गोदाम पर भेज दिया। व्यापारी ने माल के गोदाम पर पहुंचने के तुरंत बाद भुगतान का वादा किया था। लेकिन उसने आज तक भुगतान नहीं किया। व्यापारियों ने आरवी ट्रेडिंग कंपनी नया बाजार दिल्ली प्रोपाइटर नितिन उर्फ पवन सिंघल, अनिल अग्रवाल फर्म अनिल अग्रवाल ट्रेडिंग कंपनी झांसी, तथा विकास अग्रवाल पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी पुलिस ने मामले की जांच के बाद उक्त आरोपियों के खिलाफ एक करोड़ 49 लाख 17 हजार 491 रुपये का भुगतान न किये जाने पर मामला दर्ज किया।





श्रद्धांजलि सभा में शोक व्यक्त करतीं वक्ता। अमृत विचार

# निधन पर जताया शोक

**उरई (जालौन)।** उत्तर प्रदेश साहित्यसभा जनपद जालौन इकाई की एक गोष्ठी साहित्यसभा अध्यक्ष डॉक्टर अनुज भदौरिया के आवास पर हुई जिसमें साहित्यसभा के संस्थापक प्रधान संयोजक अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि सर्वेश अस्थाना की जीवन संगनी अंजू अस्थाना के निधन पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

सभा के संयोजक शफीकुर्रेहमान कशफ़ी, अध्यक्ष अनुज भदौरिया ने कहा इस दुख की घड़ी में जालौन इकाई की संवेदनाएं दुखी परिवार के साथ हैं। इसके अलावा राघवेन्द्र कनकने, कवियत्री शिरोमणि सोनी, सिद्धार्थ त्रिपाठी, प्रिया श्रीवास्तव दिव्यम, दिव्यांशु दिव्य, इंदु विवेक, ब्रह्मप्रकाश दीपक, शिखा गर्ग, आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया।

# मशीन में आग लगने से पराली जली

**उरई (जालौन)।** कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पड़री गांव स्थित एक खेत में पड़ी पराली का भूसा बनाते समय अचानक भूसा मशीन में आग लग गई जिससे हड़कंप मच गया। इस आग में बीस बीघे की पराली भी जलकर खाक हो गई।

जानकारी के मुताबिक तहसील मुख्यालय से सटे गांव पड़री में गांव के पास ही अरविंद कुमार का खेत है जिसमें गेहूं की पराली का भूसा बनाने के लिए भूसा मशीन चल रही थी। अचानक से भूसा मशीन में आग लग गई, ट्रॉली को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया। आग कहर बन कर पराली में जा गिरी जिससे करीब 20 बीघा की पराली जलकर खाक हो गई।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम शिवा दर्ज हो गया है जबकि आधार व पैन कार्ड में मेरा नाम शिवा कनौजीया है मुझे शिवा कनौजीया के नाम से जाना व पहचाना जाए। **शिवा कनौजीया पुत्र नरेश कनौजीया ग्राम गोड़वा पट्टी पोस्ट अतरौली जिला हरदोई।**

**सूचना**

मैं परशुराम अपने एकलौते पुत्र विरेन्द्र (24) के गलत चलो चलन से आहत होकर अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। विरेन्द्र द्वारा कारित किसी भी कृत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नही होगा। **परशुराम निवासी नौबस्ता, शाहमऊ माल, लखनऊ।**

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे पति देवी दयाल मौर्या पुत्र राम आधार मौर्य के बीमा पालिसी संख्या 217328763 में मेरा नाम बतौर नामिनी कमला देवी दर्ज है। जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम रामपति दर्ज है। कमला देवी और रामपति दोनो नाम मेरे एक ही व्यक्ति के है। **रामपति उर्फ कमला देवी पत्नी देवी दयाल मौर्या निवासिनी – पूरे प्रयागदीन, हरपुर हल्ला जिला – रायबरेली।**

**सूचना**

सूचित हो कि पूर्व में मेरा नाम समीर अहमद पुत्र श्री अब्दुल अजीज था। वर्तमान में मेरा नाम मोहम्मद शकील पुत्र श्री अब्दुल अजीज है जो कि मेरे आधार कार्ड सं0– 336776133410 में दर्ज है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। अतः मुझे मोहम्मद शकील के नाम से जाना व पहचाना जाये। अगर किसी को आपत्ति हो तो 15 दिनों में अपनी आपत्ति दर्ज कर सकता है **मोहम्मद शकील पुत्र श्री अब्दुल अजीज निवासी– 462/16क/1, रामगंज हुसैनाबाद, लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने दोनों पुत्रों अभय सिंह और निर्भय सिंह को उनके गलत कृत्यो व अभद्र व्यवहार के कारण आज दिनांक 30.04.2024 से अपनी समस्त प्रॉपर्टी से बेदखल करता हूँ। आज के बाद से उपरोक्त दोनों पुत्र उनके द्वारा किये गये किसी भी अनैतिक तथा फौजदारी कार्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। मुझसे व मेरे परिवार से कोई लेना–देना नहीं होगा। **विद्यासागर सिंह पुत्र स्व0 चन्द्रशेखर सिंह निवासी– आनंद लोक कॉलोनी फेज–2, रहमानपुर, लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा सर नेम कंडोला है। मुझे गुरमुख सिंह कंडोला व गुरमुख सिंह दोनों ही नामों से जाना व पहचाना जाता है। आज से मुझे गुरमुख सिंह कंडोला के नाम से जाना व पहचाना जाये। **गुरमुख सिंह कंडोला पुत्र चरन सिंह निवासी ग्राम पतवारा बड़ा, सरखनापूरब, तहसील पलिया, जिला– लखीमपुर खीरी (उ0प्र0)**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित हो कि मैं सुशील कुमार सिंह पुत्र राम बहादुर सिंह नि. ग्राम हरिहरपुर पो. कोरारी हीरशाह तह. गौरीगंज जनपद अमेठी का निवासी हूं मेरे पुत्र का सही नाम श्रेयश सिंह पुत्र सुशील कुमार सिंह माता का नाम अमृता सिंह है जबकि कुछ अभिलेखों में मेरे पुत्र का नाम सिद्धार्थ अंकित हो गया है जो गलत है।

**जागरुकता अभियान** मेडिकल कॉलेज में मनाया गया विश्व टीकाकरण सप्ताह, प्रोफेसर ने दिये दिशा-निर्देश

# टीकाकरण बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार

कार्यालय संवाददाता उरई, जालौन



नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते एमबीबीएस छात्र। अमृत विचार

- एमबीबीएस छात्रों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को बताया टीकाकरण का महत्व

**अमृत विचार।** भारतीय बाल रोग अकादमी की जालौन शाखा द्वारा मंगलवार को मेडिकल कॉलेज में विश्व टीकाकरण सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस छात्रों ने एक नुक्कड़ नाटक, ओपीडी ब्लॉक में प्रस्तुत कर, मरीज एवं उनके परिजनो को टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ. आर के मौर्य ने लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि टीकाकरण से न केवल हम अपने बच्चों को बचाते हैं बल्कि बीमारी को भी दूर भागने में मदद करते हैं, जिसका पहला उदाहरण स्मॉल पाक्स है, जिसे हम न केवल अपने देश से बल्कि विश्व से भी दूर भाग चुके हैं। इस अवसर पर भारतीय बाल रोग अकादमी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रोफेसर जीएस चौधरी ने लोगों को टीकाकरण के महत्व को समझाते हुए बताया कि टीकाकरण प्रत्येक बच्चे का जन्मसिद्ध अधिकार है, हमें उसके इस अधिकार को प्राप्त करने के लिए हर संभव मदद करनी चाहिए। इसलिए यह न केवल परिजन बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है, कि हर बच्चे को टीकाकरण की पूरी खुराक दिलाने में मदद करें। इसी क्रम में बाल रोग विभाग की सह आचार्य एवं भारतीय बाल रोग अकादमी की सचिव डॉ छवि जायसवाल ने बताया कि बच्चों के टीकाकरण से समाज से तमाम बीमारियां या तो खत्म हो चुकी हैं या खत्म होने के कगार पर हैं। इसके लिए हमें टीकाकरण में पूर्ण सहयोग देने की आवश्यकता है।

इसी कड़ी में उप प्रधानाचार्य प्रोफेसर आर एन कुशवाहा ने बताया की टीकाकरण ही बीमारियों से बचाने का सबसे अच्छा उपाय है और हम जानते हैं कि प्रिवेंशन इस बेटर दैन क्योर, हमें इसे अपनाना है। कार्यक्रम में डॉक्टर धीरज महाजन ने बताया की बच्चों का टीकाकरण सप्ताह हर साल अप्रैल के अंतिम महीने में जागरुकता सप्ताह के रूप में मनाया जाता है, हमें लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर मुख्यचिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रशांत निरंजन, डॉ जितेंद्र मिश्रा, बाल रोग विभाग के समस्त सीनियर एवं जूनियर रेजिडेंट, स्टाफ मेंबर्स, छात्र-छात्राएं एवं बहुत सारी संख्या में मरीज एवं उनके तीमारदार उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर छवि जायसवाल ने सभी को धन्यवाद किया।

# गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** बीती रात एक महिला की मौत हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। महिला के नाबालिग पुत्र ने पुलिस को बताया कि रात में उसकी मां सुनीता और पिता में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था, पिता ने मां को बहुत बुरी तरह से मारा पीटा था जिससे मां की मौत हो गई है।

लोगों के अनुसार मृतक महिला के शरीर पर चोट के कई निशान मिले है, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि पति पत्नी के बीच हुए झगड़े में पति ने पत्नी के साथ मारपीट की है, पत्नी गर्भवती होने के कारण मारपीट सहन नहीं कर पाई, जिससे उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष कदौरा ने बताया की मृतका के नाबालिग पुत्र ने बताया कि पिता द्वारा मारपीट की गई है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच आने पर हत्या के कारण का पता चलेगा।

### विषाक्त पदार्थ खाने से बच्ची की गई जान

**जालौन।** घर के बाहर खेल रही ढाई वर्षीय बच्ची द्वारा बाहर पड़े कोई विषाक्त पदार्थ खा लेने से उसकी मौत हो गई। परिजन व मुहल्ले वासी उसे बेहोशी की हालत में अस्पताल लाए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अकोढी दुबे निवासी ब्रजकिशोर की ढाई वर्षीय बच्ची घर के बाहर खेल रही थी खेलते ही खेलते उसने बाहर पड़े कोई ऐसी विषाक्त वस्तु को खा लिया जिससे वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी जब आस पड़ोस तथा परिजनो ने बच्ची को बाहर बेहोश अवस्था में देखा तो उसे तत्काल अस्पताल ले जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची के मृत होने की सूचना जैसे ही परिजनों को हुई तो उनके घर में कोहराम मच गया।

